प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र



# न्यूज़ वाणी

बंगाल-अकेले चुनाव लड़ कर कांग्रेस आखिर क्या हासिल कर पाएगी? पेज- 2

www.newswani.in

वार्षिक परीक्षाफल वितरित, बच्चों को दिए पुरस्कार पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 100 | बुधवार 01 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

# केरल में राहुल गांधी का सीएम विजयन पर हमला

## -वामपंथी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गए

(एजेंसी) कन्नूर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केरल में सत्ताधारी लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) पर तीखा हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लेफ्ट और भारतीय जनता पार्टी के बीच अभूतपूर्व साझेदारी बन गई है और इस बार के विधानसभा चुनाव को विचारधाराओं की लड़ाई के रूप में देखा जाना चाहिए। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के स्टार प्रचारक के तौर पर कन्नूर पहुंचे गांधी ने पहले स्थानीय नेताओं के साथ नाश्ते पर बैठक की। इसके बाद उन्होंने जिले भर से आए उम्मीदवारों और जनता को संबोधित किया। रैली में सीपीआई (एम) के दो वरिष्ठ पूर्व नेता, टी.के. गोविंदन और वी. कुंजिकृष्णन भी मौजूद थे। ये दोनों अब यूडीएफ समर्थित उम्मीदवार हैं। राहुल गांधी ने कहा कि यह लेफ्ट में आए बदलाव का सबूत है। राहुल गांधी ने कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओंकुलेफ्ट और यूडीएफ के



बीच है, लेकिन पहली बार हम लेफ्ट और भाजपा के बीच साझेदारी देख रहे हैं।' उन्होंने इसे एक पहेली बताया, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से इन दोनों की विचारधाराएं पूरी तरह अलग रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज का लेफ्ट अपने मूल सिद्धांतों से भटक गया है और अब उसके मन में कॉरपोरेट्स के प्रति नरमी है। उनका तर्क था कि यह अब लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करता। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में धार्मिक मुद्दे उठाते हैं, लेकिन केरल में खासकर सबरीमाला के मामले पर ऐसा नहीं किया। उन्होंने सवाल उठाया कि उनके खिलाफ कई कानूनी चुनौतियां होने के बावजूदकृजिनमें कई मामले, लोकसभा सदस्यता रद्द होना और लंबी पूछताछ शामिल हैं, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन या उनके परिवार के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा चाहती है कि सीपीआई (एम) सत्ता में बनी रहे, क्योंकि वे उन्हें आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार को बीजेपी नियंत्रित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का असरदार विरोध करने की क्षमता रखती है। राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करते हुए गांधी ने केंद्र सरकार की आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के पक्ष में हाल में लिए गए व्यापारिक फैसलों से भारतीय किसानों को नुकसान होगा, विशेषकर उन किसानों को जो रबर, मक्का, सोया और फलों की खेती करते हैं। इसके अलावा उन्होंने भारत की ऊर्जा सुरक्षा और छोटे व्यवसायों के लिए संभावित खतरों की चेतावनी भी दी। चुनाव को मूल्यों की लड़ाई बताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि केरल ऐतिहासिक रूप से एकता, अहिंसा और सभी को साथ लेकर चलने के पक्ष में रहा है। उन्होंने कहा कि यूडीएफ लोगों को प्यार और भाईचारे के जरिए जोड़ती है, जबकि लेफ्ट और बीजेपी का गठबंधन समाज में फूट और विभाजन को बढ़ावा देता है। कन्नूर से गांधी को कोझिकोड जिले के नादापुरम जाना है, जहां वह दो और चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। उनके इस दौरे का मकसद लोगों के बीच यूडीएफ के चुनावी संदेश को मजबूत करना और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जनसमर्थन जुटाना है।

# ममता बनर्जी ने चुनाव आयुक्त को फिर लिखा पत्र

## बोलीं-बंगाल में फर्जी वोटरों से लोकतंत्र पर खतरा

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी)



को पत्र लिखकर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है, जिससे असली वोटरों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। ममता बनर्जी ने अपने पत्र में कहा कि बंगाल में लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ एक बड़ी साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग हजारों फर्जी फॉर्म–6 आवेदन जमा कर बाहरी लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया वोटर हाइजैकिंग की कोशिश है। उन्होंने दावा किया कि इस तरह की रणनीति पहले महाराष्ट्र और दिल्ली में भी अपनाई गई थी। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग की एस आईआर प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अभी भी 60 लाख से अधिक वास्तविक मतदाता जांच प्रक्रिया में फंसे हैं, जबकि बड़ी संख्या में फर्जी आवेदन तेजी से स्वीकार किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया के कारण अब तक 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जिसे उन्होंने बेहद चिंताजनक बताया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि 28 फरवरी 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के बाद कोई नया नाम शामिल न किया जाए। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग से तुरंत हस्तक्षेप करने और इस कथित गड़बड़ी को रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता अपने लोकतंत्र को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने देगी।

# अमित शाह के भाषण पर कांग्रेस का तंज, 'अपशब्द' नहीं बोले तो बताया चमत्कार

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को गृह मंत्री अमित



शाह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने लोकसभा में सोमवार को 90 मिनट का भाषण अपने पसंदीदा अपशब्द का इस्तेमाल किए बिना पूरा कर लिया, जो एक चमत्कार है। मुख्य विपक्षी दल की यह टिप्पणी शाह के इस वक्तव्य के एक दिन बाद आई है कि मोदी सरकार में देश नक्सलवाद से मुक्त हो गया है और नक्सलियों का ढांचा लगभग पूरी तरह से नष्ट हो गया है, जबकि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में वामपंथी उग्रवादियों की हिंसा को समाप्त करने के लिए कुछ नहीं किया था। लोकसभा में शाह ने यह भी आरोप भी लगाया था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कई बार सार्वजनिक रूप से नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों के साथ देखा गया था। यहां तक कि उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से माओवादियों के प्रति सहानुभूति वाले वीडियो भी पोस्ट किए थे। शाह पर निशाना साधते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया कि कल, गृह मंत्री ने लोकसभा में एक चमत्कार किया। उन्होंने अपने उस पसंदीदा अपशब्द का इस्तेमाल किए बिना 90 मिनट तक भाषण दिया, जिसे पिछले कई मौकों पर कार्यवाही से हटाना पड़ा। रमेश ने इस महीने की शुरुआत में अपने पोस्ट को भी टैग किया, जिसमें उन्होंने शाह पर कटाक्ष किया था और कहा था कि लोकसभा में फिर से बोले गए उनके पसंदीदा शब्दों में से एक को कार्यवाही से हटा दिया गया है।

# वैश्विक बाजार में सेमीकंडक्टर आपूर्तिकर्ता बनेगा भारत, गुजरात में सेमीकॉन प्लांट का उद्घाटन कर बोले पीएम मोदी

(एजेंसी) अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने



मंगलवार को साणंद में केन्स सेमीकॉन संयंत्र का उद्घाटन किया और कहा कि भारत वैश्विक बाजार में एक भरोसेमंद सेमीकंडक्टर आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी भूमिका को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठान का उद्घाटन भारत के आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते प्रयासों को मजबूती देता है, जो सशक्त सेमीकंडक्टर तंत्र के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मोदी ने कहा कि पैक्स सिलिका पहल में शामिल होने के भारत के फैसले का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को मजबूत करना है। इस घटनाक्रम को गर्व का क्षण बताते हुए मोदी ने कहा कि यह केवल आर्थिक प्रतिस्पर्धा का समय नहीं है, बल्कि भविष्य के प्रौद्योगिकी परिदृश्य को आकार देने का समय है, क्योंकि एक भारतीय कंपनी वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में शामिल हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस परियोजना में उत्पादन शुरू होने के साथ ही, भारत वैश्विक बाजार में एक भरोसेमंद सेमीकंडक्टर आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी भूमिका को और मजबूत कर रहा है। एक तरह से, आज साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु बन गया है। साणंद में स्थित यह संयंत्र अब कैलिफोर्निया आधारित एक कंपनी को इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल्स की आपूर्ति कर रहा है। मोदी ने कहा कि भारत ने 2021 में सेमीकंडक्टर मिशन शुरू किया, जो न केवल एक औद्योगिक नीति है, बल्कि भारत के आत्मविश्वास की एक घोषणा भी है। उन्होंने कहा, भारत ने पिछले बजट में सेमीकंडक्टर मिशन 2 की शुरुआत की थी, ताकि देश को उत्पादन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# सूरत में दर्दनाक, तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग, चार महिलाओं समेत पांच की जलकर मौत

(एजेंसी) सूरत गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार सुबह एक तीन मंजिला मकान में आग लगने से चार महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न करीब 10 बजे लिंबायत पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मीठी खाड़ी इलाके में घटी। हादसे के समय इमारत में मौजूद परिवार फोम शीट का उपयोग करके साड़ियों की पैकिंग कर रहा था। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) कानन देसाई ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल दल और एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। देसाई ने बताया कि आग एक तीन मंजिला मकान में लगी, जिसका इस्तेमाल मकान मालिक द्वारा साड़ियों की पैकिंग के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा, चूंकि आज छुट्टी का दिन है, इसलिए वे सामान पैक करने के लिए बड़ी मात्रा में सामग्री लाए थे। सूचना मिलते ही पुलिस, दमकलकर्मी और 108 आसपास का इलाका साड़ियों की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली इस फोम में रसायन होते हैं, इसलिए इससे भारी धुआं निकला।




आपातकालीन सेवा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि जब आपातकालीन सेवा कर्मी परिसर में दाखिल हुए तो पूरा कमरा घने धुएं से भरा हुआ था, जिससे शुरू में पीड़ितों तक पहुंचना मुश्किल हो गया था। देसाई ने बताया, धुआं थोड़ा छंटने पर देखा गया कि सामने का कमरा और फोम की शीट से भरा हुआ है। स्विचबोर्ड के पास भी फोम रखा हुआ था। शुरुआती जांच से संकेत मिला है कि आग संभवतरू शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। डीसीपी ने बताया, दमकलकर्मियों से हुई हमारी शुरुआती बातचीत के आधार पर, हमें संदेह है कि स्विचबोर्ड के सामने रखे फोम में शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। चूंकि उन्होंने बताया कि पीड़ितों की मौत जहरीले धुएं के कारण दम घुटने से हुई। देसाई ने बताया, धुएं के कारण दम घुटने से चार महिलाएं और एक बच्चा गंभीर रूप से प्रभावित हुए। उन्हें गंभीर हालत में सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान शहनाज बेगम अंसारी (65), हुसा बेगम अंसारी (18), शबीना अंसारी (28), परवीन अब्दुल अंसारी (19) और सुभान अली अंसारी (4) के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शी यूनुस खान ने दावा किया कि अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों की वजह से आग तेजी से फैली। उन्होंने दावा किया, अंदर फोम से भरे बोरे और साड़ियां पड़ी थीं। जब उनमें आग लगी, तो परिवार के सदस्य घबरा गए और यह सोचकर पीछे के कमरे में चले गए कि वे सुरक्षित रहेंगे। लेकिन फोम में रसायन थे और उससे जहरीली गैस निकली, जिससे दम घुटने से उनकी मौत हो गई। खान ने संवाददाताओं से बताया कि पीड़ित महिलाएं मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली थीं और साड़ी पैकिंग का काम करती थीं। उन्होंने बताया कि हादसे के समय महिलाएं और एक बच्चा घर पर था जबकि परिवार के पुरुष काम पर बाहर गए हुए थे।

# नालंदा भगदड़: पीएम मोदी ने लोगों की मौत पर व्यक्त किया शोक, अनुग्रह राशि की घोषणा

(एजेंसी) नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के नालंदा में भगदड़ मचने से लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजन को दो–दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये अनुग्रह राशि के तौर पर देने की घोषणा की। पुलिस ने बताया कि नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़ मचने से कम से कम आठ महिलाओं की मौत हो गई। सुबह बड़ी संख्या में



श्रद्धालु मंदिर में मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने एक संदेश में कहा कि बिहार के नालंदा जिले की यह घटना अत्यंत दुखद है। मैं अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

# सीएम योगी की मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाला मौलाना गिरफ्तार, बहराइच में भेजा गया जेल

(एजेंसी) लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाले बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसे एसटीएफ ने बिहार से गिरफ्तार किया। इसके बाद यूपी के बहराइच लाया गया। पुलिस के अनुसार, नगर कोतवाली में लाने के बाद मौलाना से करीब 30 मिनट तक पूछताछ की गई। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले मौलाना अब्दुल सलीम ने मुख्यमंत्री की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस बयान के बाद बहराइच सहित प्रदेश के कई जिलों में उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। इससे मामला गंभीर हो गया था।




मामले में विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने 8 मार्च को नगर कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई थी। तब से पुलिस और एसटीएफ की टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। एएसपी नगर अशोक सिंह का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# सम्पादकीय

## ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी सरकार में पड़ गई फूट

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही अपनी सेना को ईरान के अंदर घुसने और वहां मौजूद लगभग 970 पाउंड (लगभग 400 किलोग्राम) शुद्ध किए गए यूरेनियम (एनरिच्ड यूरेनियम) को लेकर आने का आदेश दे सकते हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि अमेरिका को डर है कि इन 400 किलो यूरेनियम का उपयोग ईरानी सरकार संभावित रूप से परमाणु हथियार बनाने के लिए कर सकती है। ट्रंप ग्राउंड ऑपरेशन करने का प्लान उस समय बना रहे हैं जब मिडिल ईस्ट की जंग को खत्म करने के लिए क्षेत्रीय वार्ता चल रही है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने ट्रंप की प्लानिंग से परिचित एक सूत्र का हवाला देते हुए रिपोर्ट छापी है। दूसरी तरफ ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका जमीनी हमला करता है, तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा। यह ऐसा समय है जब हालात और बिगड़ने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं अब बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तो मालूम हो कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि ईरान के मुद्दे पर उनकी सरकार के शीर्ष सहयोगियों के बीच मतभेद हैं। ट्रंप ने कहा कि उनकी सरकार की खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने के मामले में उनसे "थोड़ी नरम" हैं। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए कोई समझौता जल्द हो सकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार जब एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गैबार्ड पर भरोसा है, तो ट्रंप ने कहा, "हां, बिल्कुल।" डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी एयर फोर्स वन विमान में यह बात कही, जब वे लोरिडा में अपने मार–ए–लागो वाले घर पर विकेंड बिताकर वॉशिंगटन लौट रहे थे। उन्होंने गबार्ड को लेकर कहा, "उनकी सोच मुझसे थोड़ी अलग है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोई व्यक्ति सेवा करने के योग्य नहीं है। मैं इस बात पर बहुत सख्त हूं कि मैं नहीं चाहता कि ईरान के पास परमाणु हथियार हो, क्योंकि अगर उनके पास परमाणु हथियार होगा तो वे उसे तुरंत इस्तेमाल करेंगे। मुझे लगता है कि इस मुद्दे पर वह शायद थोड़ी नरम हैं, लेकिन यह ठीक है।" बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप आम तौर पर ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिका–इजरायल के संयुक्त अभियान पर अपने शीर्ष अधिकारियों के बीच होने वाली बहस को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं करते। यह जंग अब दूसरे महीने में प्रवेश कर चुकी है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस संघर्ष के मामले में सावधानी भरा रुख अपनाया है। वहीं कुछ अन्य टॉप रिपब्लिकन नेता निजी तौर पर इस संघर्ष के अमेरिका के अंदर आर्थिक और राजनीतिक असर को लेकर चिंतित हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम की स्थिति को लेकर अलग–अलग और विरोधाभासी दावे किए हैं। युद्ध शुरू होने से पहले, सरकार के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने से सिर्फ कुछ हते दूर है। हालांकि कुछ अन्य लोगों, जिनमें खुद राष्ट्रपति भी शामिल हैं, ने कहा था कि पिछले साल गर्मियों में हुए एक और अमेरिका–इजरायल अभियान ने ईरान के हथियार कार्यक्रम को नष्ट कर दिया था। पूर्व डेमोक्रेटिक सांसद तुलसी गबार्ड ने इसी महीने की शुरुआत में सांसदों से कहा था कि अमेरिका की खुफिया एजेंसियों को "पूरा भरोसा" है कि उन्हें पता है कि ईरान अपना अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम का भंडार कहां रखता है। उस समय उन्होंने सार्वजनिक बैठक में यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या अमेरिका के पास उसे नष्ट करने के साधन हैं या नहीं। तुलसी गैबार्ड के करीबी माने जाने वाले एक अधिकारी जो केंट, जो नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के प्रमुख थे, ने इसी महीने युद्ध को लेकर इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तुरंत खतरा नहीं है।



नफीस जाफरी

# हर क्षेत्र में निर्यात गिरा

इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को छोड़ दें, तो बाकी लगभग हर क्षेत्र में निर्यात गिरा है। ऐसे में उत्पादन संबंधी हालात का गंभीर होना लाजिमी है। फरवरी में युवा बेरोजगारी की दर चार महीने के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई।

फरवरी में भारत का व्यापार घाटा पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में लगभग दो गुना हो गया। जनवरी से तुलना करें, तो व्यापार घाटे में लगभग सात बिलियन डॉलर गिरावट आई, मगर ऐसा निर्यात के साथ–साथ आयात में भी बड़ी गिरावट के कारण हुआ। जिन देशों में भारतीय वस्तुओं की मांग गिरी, उनमें अमेरिका भी है। यानी रूसी तेल आयात संबंधी टैरिफ हटाने और तथाकथित जैसे को तैसा आयात शुल्क 25 से 18 प्रतिशत करने के ट्रंप प्रशासन के फैसले से भारतीय कारोबार को कोई राहत नहीं मिली। ऐसा संभवतरू इसलिए हुआ कि अन्य देशों को मिली राहत ने उनके उत्पादों को भारतीय वस्तुओं की तुलना में अधिक सस्ता बना दिया है। तो जनवरी की तुलना में फरवरी में अमेरिका के लिए भारतीय निर्यात 12.9 प्रतिशत गिर गया।

दरअसल, चीन को छोड़कर तमाम महत्त्वपूर्ण बाजारों के लिए भारतीय निर्यात में गिरावट आई। सिर्फ चीन के लिए भारतीय निर्यात 32.4 प्रतिशत बढ़ा, मगर वहां से आयात भी 30.5 फीसदी बढ़ गया। इस तरह चीन से पहले जारी भारी व्यापार घाटे को पाटने में ज्यादा मदद नहीं मिली। पिछले अप्रैल से इस वर्ष फरवरी तक चीन से व्यापार घाटा 102 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है, जबकि इसके पहले के वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 99 बिलियन डॉलर था। तो कुल मिलाकर विदेश व्यापार में भारत की चिंता बढ़ती जा रही है।

इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को छोड़ दें, तो बाकी लगभग हर क्षेत्र में निर्यात गिर रहा है। स्विट्जरलैंड, यूएई आदि जैसे जिन देशों से मुक्त व्यापार समझौते हुए हैं, उनसे व्यापार घाटा और बढ़ा है। ऐसे में देश के अंदर उत्पादन की स्थितियों का गंभीर होना लाजिमी है। फरवरी में युवा बेरोजगारी की दर चार महीने के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई, जबकि सरकारी परिभाषा में जिस युवा को हफ्ते में घंटे भर का भी काम मिल जाए, उसे बेरोजगार नहीं माना जाता। ऐसे में असल बेरोजगारी का अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल, ज्यादातर हालिया आर्थिक आंकड़े बढ़ रही मुसीबत का संकेत दे रहे हैं। ये आंकड़े गुलाबी सूरत के सरकारी कथानक में लगातार छिद्र कर रहे हैं।

# बंगाल-अकेले चुनाव लड़ कर कांग्रेस आख़िर क्या हासिल कर पाएगी?



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं से खास अपील की है कि मतदान से लेकर काउंटिंग तक ईवीएम मशीनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी महिलाओं को खुद ही उठानी होगी। मुख्यमंत्री ने महिलाओं से यह भी कहा कि वे एक दिन पहले ही खाना बनाकर रखें ताकि पूरे दिन ईवीएम की निगरानी कर सकें। वहीं, मुख्यमंत्री के इस बयान पर भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल ने पलटवार करते हुए कहा कि ममता बनर्जी 15 वर्षों में राज्य की महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाईं और अब उनसे ईवीएम की सुरक्षा की बात कर रही हैं। अब बात पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की तो कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के लिए 284 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी का कहना है कि वह बंगाल की सभी 294 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी, कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया. कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ ही पश्चिम बंगाल के लिए पश्चिम प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी इस बैठक में थे जिन्होंने बाद में कहा कि कांग्रेस बंगाल में एक भी सीट खाली नहीं छोड़ेगी। यही वजह है कि कांग्रेस ने ममता बनर्जी के भवानीपुर से प्रदीप प्रसाद को मैदान में उतारा है। कांग्रेस के दो महत्वपूर्ण उम्मीदवारों में बहरामपुर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी और टीएमसी की पूर्व राज्यसभा सांसद मौसम नूर को मालदा के मालतीपुर से उम्मीदवार बनाया है। यहां पर याद दिलाना जरूरी है कि पश्चिम बंगाल से कांग्रेस के एकमात्र सांसद मालदा दक्षिण से ईशा खान चौधरी हैं जो मौसम नूर के चचेरे भाई भी हैं। दोनों पश्चिम बंगाल के कांग्रेस के बड़े नेता रहे अब्दुल गनी खान चौधरी के परिवार से आते हैं। बाकी उम्मीदवारों में कांग्रेस के पार्षद और पूर्व पार्षद हैं जैसे





माधव राय (दार्जिलिंग), अब्दुल हन्नान (सुजापुर), सुष्मिता बिस्वास (दम दम), गौतम भट्टाचार्य (डायमंड हार्बर), सौविक मुखर्जी (आसनसोल दक्षिण) और प्रसेनजीत पुइतांडी (आसनसोल उत्तर)। अब सबसे बड़ा सवाल कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ कर क्या हासिल या साबित करना चाहती है? पिछले 20 सालों में कांग्रेस कभी तृणमूल तो कभी वामदलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ती रही है मगर अब कांग्रेस ने क्षेत्रीय दलों वाले राज्यों में अकेले चुनाव लड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। एक वक्त था जब 1950 के बाद से 1977 तक कमोबेश कांग्रेस का ही मुख्यमंत्री रहा, फिर ज्योति बसु और बुद्धदेव भट्टाचार्य 2011 तक मुख्यमंत्री रहे और तब से लेकर ममता बनर्जी मुख्यमंत्री हैं। 2016 में कांग्रेस के पास 44 विधायक थे जो 2021 में तेजी से घटकर एक रह गया। उनका वोट प्रतिशत भी 3 फीसदी रह गया था। कांग्रेस का कहना है कि उनके पास पूरे पश्चिम बंगाल से उम्मीदवारों के 2500 आवेदन आए थे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पश्चिम बंगाल में पार्टी को पुनर्जीवित करने की लंबी प्रक्रिया की तरफ ये पहला कदम है, जहां हम ऐकला चलो रे की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इससे हमें अपने कार्यकर्ताओं में हौसला बढ़ाने में मदद मिलेगी उन्हें अपने घरों से निकलना होगा। कांग्रेस का कहना है कि बंगाल में उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। यहां घाटे का सवाल ही नहीं है। जो भी मिलेगा वो मुनाफा ही माना जाएगा। जानकारों का मानना है कि कांग्रेस का अकेले लड़ना भी एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। इससे तृणमूल कांग्रेस को ही फायदा होगा। क्योंकि कांग्रेस,वामदलों के अलग अलग–अलग लड़ने से ममता विरोधी वोटों में बंटवारा होगा जो कि मूलतः भाजपा का वोट बैंक है। वहीं इसका दूसरा पहलू भी है कि ममता बनर्जी चाहेंगी कि कम से कम कांग्रेस पश्चिम बंगाल को अपनी प्राथमिकता में ना रखे और कम से कम राहुल गांधी ज्यादा प्रचार करने ना आएं क्योंकि जितनी जोर से कांग्रेस प्रचार करेगी, उतना ममता बनर्जी के मुस्लिम वोट में सेंध लगा सकती है। वैसे ही ओवैसी और हुमायूं कबीर के साथ आने से कुछ हिस्सों में मुस्लिम वोट में सेंध लगने का खतरा पैदा हो गया है,हालांकि जानकारों का मानना है कि मुस्लिम वोट ममता बनर्जी के साथ रहेगा। मगर यह भी सच्चाई है कि एसआईआर ने काफी कुछ बदल दिया है। बहरहाल कांग्रेस का मिशन साफ है जिसका भी नफा नुकसान हो, उससे उनको कोई मतलब नहीं है। उन्हें धीरे–धीरे अपने पैरों पर खड़ा होना है, चाहे वो वोट प्रतिशत बढ़ाना हो या कुछ सीटें जीतना हो।

# अशोक खरात प्रकरण पर ममता ने कुछ ग़लत नहीं कहा!



फरीद वारसी

महाराष्ट्र में ज्योतिषी बनकर महिलाओं से दुष्कर्म करने का आरोपी अशोक खरात की काली करतूतें लगातार सामने आ रही हैं। अब तक कई महिलाएं खुलकर सामने आ चुकी हैं। इस बीच एनसीपी (एसपी) के नेता विकास लावंडे ने आरोप लगाया है कि अशोक खरात की महाराष्ट्र सरकार के कामकाज में सीधी दखलंदाजी थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि अशोक खरात नहीं चाहता था कि माणिक कोकाटे कैबिनेट मंत्री बनें लेकिन अजित पवार ने मना कर दिया था। मालूम हो कि एनसीपी (एसपी) के विकास लावंडे ने कहा कि सिन्नर के विधायक माणिक कोकाटे, खरात के विरोधी थे और खरात नहीं चाहते थे कि कोकाटे को महाराष्ट्र कैबिनेट में शामिल किया जाए। माणिकराव कोकाटे को .षि मंत्री बनाया गया था, लेकिन बाद में रमी विवाद के चलते उन्हें खेल विभाग में भेज दिया गया। जहां तक अशोक खरात का सवाल है तो मालूम हो कि अशोक खरात मर्चेंट नेवी के कैप्टन से ज्योतिषी बना था। उस पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। कई महिलाओं ने उस पर शुद्धिकरण के नाम पर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। इस मामले की जांच एसआईटी कर रही है। अब तक दर्जनों एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। महाराष्ट्र महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रूपाली चाकणकर भी उससे जुड़ी हुई थीं। उन्होंने अपना इस्तीफा भी दे दिया है। जांच जैसे–जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे–वैसे अलग–अलग राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ भी उनके संबंध सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे से भी उनकी कथित नजदीकियां सामने आई हैं। एक तस्वीर में अशोक खरात के साथ एकनाथ शिंदे और उनके सांसद बेटे श्रीकांत शिंदे नजर आ रहे थे। और भी कई नेताओं के साथ अशोक खरात की तस्वीरें वायरल हुई हैं। इनमें जयंत पाटिल, नीलेश लंके और चंद्रकांत पाटिल जैसे नेता शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर कहा जा रहा है कि सिर्फ महायुति ही नहीं, बल्कि महाविकास अघाड़ी की सरकार में भी खरात का दखल था। 2020 का एक सरकारी आदेश सामने आया है, जिसमें श्री शिवनिका संस्थानश को पानी आवंटित किया गया था, जो कि अशोक खरात से जुड़ा बताया जा रहा है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि बलात्कार के आरोपी धर्मगुरु अशोक खरात से संबंध को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रही एनसीपी नेता रूपाली चाकंकर ने पार्टी की महाराष्ट्र महिला शाखा के अध्यक्ष



पद से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले, खरात से संबंधों का खुलासा होने के बाद चाकंकर ने महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। सोशल मीडिया पर साझा किए गए पत्र में चाकंकर ने कहा कि उन्होंने खरात मामले पर पहले ही दिन अपना रुख स्पष्ट कर दिया था और इस बात पर जोर दिया था कि उनके वित्तीय लेन–देन या कथित कदाचार से उनका कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है। महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकंकर के कथित संबंध बलात्कार आरोपी अशोक खरात के साथ होने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इसके बाद उनके इस्तीफे की मांग लगातार तेज होती जा रही थी और कई दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भी खुलकर उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अशोक खरात, नासिक का एक स्वयंभू ज्योतिषी और अंकशास्त्री है, जिसे हाल ही में पुलिस ने एक 28 वर्षीय महिला की शिकायत के आधार पर गिरतार किया है। आरोप है कि उसने महिला को नशीला पदार्थ देकर लंबे समय तक उसका यौन शोषण किया। यह विवाद तब और गहरा गया जब सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए, जिनमें रूपाली चाकंकर को अशोक खरात के साथ देखा गया। इन तस्वीरों में उनके कथित तौर पर धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने की बात सामने आई है। इससे महिला आयोग जैसी संवेदनशील संस्था की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। शिवसेना के नेता संजय राउत ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने वाली संस्था की प्रमुख का नाम ऐसे आरोपी के साथ जुड़ना बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को एपस्टीन जैसे कांड से जोड़ते हुए व्यापक जांच की मांग की. सुषमा अंधारे ने कहा कि चांकर के पास अब अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचा है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में महिलाएं न्याय की उम्मीद कैसे कर सकती हैं। महाराष्ट्र के नासिक से पकड़े गए ढोंगी बाबा अशोक खरात उर्फ कैप्टन केस में साध्वी ममता कुलकर्णी का एक बयान सामने आया है। वे पीड़ित महिलाओं पर ही दोष मढ़ रही हैं। महिलाओं के यौन शोषण के आरोप में घिरे नासिक के ज्योतिषाचार्य बाबा अशोक खरात मामले में कुलकर्णी ने कहा कि जब ये महिलाएं अशोक खरात के पास गईं, तो इनकी बुद्धि कहां चली गई थी? क्या ये सारी महिलाएं बेवकूफ थीं कि इन्हें कुछ समझ नहीं आया, जब अशोक खरात इन्हें छू रहा था? कोई इन्हें कहीं भी बेडरूम में बुला लेगा तो क्या ये चली जाएंगी? गलती इनकी भी है। साध्वी ममता कुलकर्णी ने आगे कहा कि आज धर्म की आड़ में हर कोई ढोंग पर उतर आया है। मैंने खुद अपनी चमड़ी सती (गलाकर) करके तपस्या की है। आज के समय में हर कोई धर्म के नाम पर लोगों को लूट रहा है। इन धर्म गुरुओं को छोड़ो और सीधे भगवान में ध्यान लगाओ। पीड़िता की शिकायत पर महाराष्ट्र पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, तो अशोक खरात के काले साम्राज्य की परत दर परत खुलती चली गई। जांच में सामने आया है कि उसकी 'ओक्स प्रॉपर्टी' ही उसके काले कारनामों का मुख्य अड्डा थी। पुलिस ने यहां छापेमारी के दौरान 100 से ज्यादा अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो बरामद किए हैं। पुलिस को उसकी पेन ड्राइव से 58 महिलाओं के वीडियो मिले हैं। आरोपी खरात ने इन महिलाओं को झांसे में लेकर नशीला पदार्थ दिया, सम्मोहित किया और फिर उनके साथ दुष्कर्म किया। हिडन कैमरों से उनके अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर उन्हें ब्लैकमेल किया। हालांकि, आरोप है कि उसके चंगुल में फंसी महिलाओं की संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। तीन साल तक खरात बाबा की दरिंदगी का शिकार हुई 35 वर्षीय महिला ने हिम्मत जुटाकर उसके खिलाफ नासिक के सरकारवाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोप में गिरतार अशोक खरात ने 200 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति बनाई। उसकी संपत्तियां नासिक जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में फैली हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी संपत्ति नासिक के पाथर्डी इलाके में करीब 30 एकड़ जमीन है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 150 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

# केरल के चुनाव सभी पार्टियों के लिए चुनौतीपूर्ण

कल्याणी शंकर

विपक्ष में एक दशक बिताने के बाद, कांग्रेस पार्टी 2026 के चुनावों से पहले केरल में अपना प्रभाव फिर से हासिल करने की कोशिश कर रही है। सत्तारूढ़ सी.पी.आई. (एम) (माकपा) नियंत्रण बनाए रखने के लिए प्रयासों को तेज कर रही है। वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस के नेतृत्व वाला यू.डी.एफ. सत्ता की तलाश में है, जिसे पिछले लोकसभा चुनावों और स्थानीय निकाय चुनावों के मजबूत परिणामों से बल मिला है। आगामी चुनाव एल.डी.एफ. की सत्ता बरकरार रखने की क्षमता और यू.डी.एफ. की कड़ी चुनौती का परीक्षण करेंगे। 1982 के बाद से, मतदाताओं ने हर 5 साल में बारी–बारी से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एल.डी.एफ.) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यू.डी.एफ.) का समर्थन किया है, जिससे किसी भी सरकार को लंबे समय तक सत्ता में रहने से रोका जा सका। हालांकि, 2021 में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व में एल.डी.एफ. ने लगातार दूसरा कार्यकाल जीता। दोनों पाध्टयां वर्तमान में मोदी सरकार का विरोध और मुस्लिम मतदाताओं के समर्थन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। एन.डी.ए. केरल में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है। भाजपा अपना वोट शेयर बढ़ाने और महत्वपूर्ण सीटें जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। राज्य स्तर पर कांग्रेस के अधिकारी आश्वस्त महसूस करते हैं। हालांकि, स्थानीय स्तर पर गंभीर समस्याएं हैं, जो भविष्य के चुनावों में उनकी संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा प्रमुख राजनीतिक गठबंधन है, जिसे मुख्य रूप से हिंदुओं का समर्थन प्राप्त है। इसके विपरीत, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा अल्पसंख्यक समूहों के समर्थन पर निर्भर करता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उदय ने यू.डी.एफ. से कुछ हिंदू वोटों को अपनी ओर खींचा है, जिसमें इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आई.यू.एम.एल.) और केरल कांग्रेस शामिल हैं, जो लगभग 27 प्रतिशत मुस्लिमों और 18 प्रतिशत ईसाइयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। केरल के 6 जिलों में कम से कम दस 'स्विंग' (अनिश्चित) निर्वाचन क्षेत्र हैं, जो महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पिछले दो विधानसभा चुनावों में, तीनों गठबंधनों को मतदाताओं का लगभग समान समर्थन मिला था। कांग्रेस के भीतर आंतरिक संघर्ष, विशेष रूप से उम्मीदवारों के चयन को लेकर, पार्टी की एकजुटता के महत्व को रेखांकित करते हैं। भले ही सतीशन, चेन्निथला और वेणुगोपाल जैसे नेता विधानसभा चुनावों से पहले एकजुट दिख रहे हों लेकिन वे अभी भी सत्ता के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। 2026 के केरल विधानसभा चुनावों में, भाजपा ईसाई मतदाताओं, विशेष रूप से मध्य केरल में, के साथ जुडने की पूरी कोशिश कर रही है। पार्टी स्थानीय समुदायों के साथ जुडने, प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और अपने प्रयासों में वरिष्ठ नेताओं को शामिल करने की योजना बना रही है। उनका लक्ष्य खुद को पारंपरिक यू.डी.एफ. गठबंधन के एक मजबूत विकल्प के रूप में पेश करना है। पार्टी बुनियादी ढांचे, नौकरियों और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। हाल ही में, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) ने स्थानीय चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया। यह दर्शाता है कि केरल का राजनीतिक परिदृश्य, जिस पर यू.डी.एफ. और एल.डी.एफ. का दबदबा रहा है, बदल सकता है। उम्मीदवारों के चयन पर कांग्रेस के भीतर मतभेद, जिसमें टिकट वितरण के बारे में राहुल गांधी की चिंताएं भी शामिल हैं, पार्टी की एकजुटता को कमजोर और मतदाताओं के भरोसे को प्रभावित कर सकते हैं। प्रस्तावित सूची में लगभग 60 प्रतिशत उम्मीदवार लोकसभा सदस्य और पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल से जुड़े हैं। गांधी ने कांग्रेस के भीतर अधिक संगठित दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया है। चुनाव समिति केवल राज्य इकाई के नामांकन पर निर्भर रहने की बजाय जाति समीकरण, जीतने की क्षमता और पिछले चुनावी परिणामों जैसे प्रमुख कारकों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। पार्टी कार्यकर्त्ता उम्मीदवार सूची में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को लेकर भी चिंतित हैं। जमीनी स्तर पर स्थिति स्पष्ट है। माकपा ने प्रभावी प्रचार और स्पष्ट संगठन के माध्यम से मजबूत प्रगति की है। इसके विपरीत, कांग्रेस को अभी भी अपने सदस्यों को संगठित करने में कठिनाई हो रही है। कुछ लोग जो मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, वे अपने समर्थकों के लिए टिकट सुरक्षित करने हेतु कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वे केवल वफादार कार्यकर्त्ताओं की मदद करने या नए नेता बनाने का काम नहीं कर रहे, वे अपने समूहों को मजबूत करने की भी कोशिश कर रहे हैं। कई शीर्ष नेता अपने वफादार समर्थकों को महत्वपूर्ण पदों पर बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वे इसे चुनावों के बाद मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने से पहले समर्थन जुटाने के तरीके के रूप में देखते हैं। सतीशन, चेन्निथला और वेणुगोपाल विधानसभा चुनावों से पहले दुर्लभ एकजुटता दिखा रहे हैं। फिर भी, राजनीतिक नेतृत्व के लिए प्रतिस्पर्धा स्पष्ट बनी हुई है। 2026 के केरल विधानसभा चुनावों में भाजपा सक्रिय रूप से ईसाई मतदाताओं, विशेष रूप से मध्य केरल के सीरो–मालाबार समुदाय तक पहुंच रही है। स्थानीय स्तर पर जुड़कर, मुद्दा–आधारित अभियान चलाकर और नेतृत्व के साथ उच्च–स्तरीय बातचीत की सुविधा प्रदान करके, पार्टी खुद को पारंपरिक यू.डी.एफ. गठबंधन के व्यवहार्य विकल्प के रूप में पेश करना चाहती है। हाल के स्थानीय निकाय चुनाव और शुरुआती सर्वेक्षण संकेत देते हैं कि यू.डी.एफ. थोड़ा आगे है लेकिन आंतरिक विभाजन का सामना कर रहा है। यदि भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों के अपने 19 प्रतिशत वोट शेयर को बनाए रखता है, तो उसे 2021 की तुलना में 7 प्रतिशत का लाभ हो सकता है। मुख्य प्रश्न यह है कि क्या यह लाभ एल.डी.एफ. के वोटों से होगा या यू.डी.एफ. के? ईसाई और मुस्लिम समुदाय किसे वोट देंगे? यू.डी.एफ. चुनौतियों का सामना कर रहा है। अनिश्चितता इस बात पर है कि क्या विपक्ष में एक दशक के बाद, कांग्रेस 2026 के चुनावों के लिए वापसी की पटकथा तैयार कर रही है। यह स्पष्ट नहीं है कि वे (मतदाता) कांग्रेस पार्टी की ओर लौटेंगे या एल.डी.एफ. के साथ बने रहेंगे, जिसे कुछ लोग भाजपा को चुनौती देने के लिए बेहतर स्थिति में मानते हैं। इन समुदायों के प्रभाव वाली 47 सीटों के परिणाम 2026 के चुनावों का नतीजा तय कर सकते हैं।

# अरूणोदय मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। करंडा स्थानीय क्षेत्र के कटरिया धरम्मरपुर स्थित अरुणोदय मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रविवार को शाम में छात्र–छात्राओं ने संस्ःति प्रोग्राम कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया।



छात्र–छात्राओं ने आकर्षक और मनोरंजन रंगारंग कार्यक्रम जैसे लोकगीत देशभक्ति गानों पर नृत्य नाटक कव्वाली मोबाइल के दूरभाष जैसे प्रयोग पर आकर्षण का केंद्र बना रहा जिसे दर्शकों ने खूब सारहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक सपा जयकिशन साहू रहे। मुख्य अतिथि के विद्यालय के प्रबंधक महेंद्र पांडेय द्वारा बधाई दी गई। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि करंडा क्षेत्र हमेशा से ऋषि मुनियों का क्षेत्र माना जाता है और इस क्षेत्र से प्रतिभा निकाल कर सामने देखने को मिला है। स्कूल के बच्चों का कार्यक्रम देखकर विधायक ने खूब सराहा। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय एक ऐसा परिवार है जहां से बच्चे वैज्ञानिक आईएएस पीसीएस जज राजनेता इत्यादि निकलते हैं। इस मौके पर खेल प्रतिभा में प्रथम द्वितीय तृतीय के बच्चों को स्कूल के प्रबंधक मनिंद्र पांडेय ने सम्मानित किया। स्कूल के एक बच्चे को नवोदय विद्यालय में स्थान मिलने पर मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल बच्चों द्वारा किया गया। वहीं अंत में स्कूल के प्रबंधक मनिंद्र पांडे ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रामेश्वर पांडेय अंकित सर तथा गणमान्य लोग रहे।

# जमानिया की पूजा धुर्वे ने बढ़ाया मान

## – मिसेज फर्स्ट् रनर–अप और चार्मिंग फेस का खिताब जीता

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानिया–गाजीपुर। हाल ही में आयोजित एक भव्य ब्यूटी पेजेंट और फैशन शो में जमानिया की मशहूर मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटी एजुकेटर पूजा धुर्वे ने दो बड़े खिताब अपने नाम कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूजा मिश्रा




द्वारा विशेष रूप से 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए आयोजित इस प्लस–साइज मॉडल फैशन शो में, पूजा धुर्वे को शमिसेज फर्स्ट् रनर–अप और चार्मिंग फेस के अवार्ड से नवाजा गया।

जमानिया स्थित ब्लॉसम ब्यूटी मेकओवर एंड एकेडमी की संचालिका पूजा धुर्वे पिछले 10 वर्षों से ब्यूटी इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उन्होंने इस मंच के माध्यम से यह संदेश दिया कि सुंदरता किसी साइज या उम्र की मोहताज नहीं होती। अपनी सधी हुई रैंप वॉक और आत्मविश्वास से उन्होंने निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। पूजा धुर्वे ने अपनी इस जीत का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और अपने छात्रों व क्लाइंट्स के भरोसे को दिया है। उन्होंने बताया कि वह अब इसी आत्मविश्वास और इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की तकनीक को अपनी एकेडमी के माध्यम से स्थानीय युवतियों और महिलाओं तक पहुँचाना चाहती हैं। उनकी एकेडमी में एडवांस स्किन थेरेपी, प्रोफेशनल मेकअप और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के कोर्सेज कराए जाते हैं, ताकि यहाँ की बेटियाँ भी आत्मनिर्भर बन सकें। पूजा धुर्वे की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों और उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर उन्हें बधाई दी है। यह उपलब्धि न केवल पूजा के लिए, बल्कि उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो शादी और बच्चों के बाद अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं।

# समाजसेवी ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर समाजसेवी रवि प्रकाश पांडेय ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर महत्वपूर्ण



चर्चा की। भांवरकोल थाना क्षेत्र के निवासी रवि प्रकाश पांडेय ने इस मुलाकात के दौरान जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति, प्रमुख समस्याओं और सुधार की संभावनाओं पर विस्तार से बात रखी। उन्होंने क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था, संसाधनों की उपलब्धता और आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विषय को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया और संबंधित अधिकारियों को दिशा–निर्देश देने की बात कही। गौरतलब है कि रवि प्रकाश पांडेय एक युवा व्यवसायी होने के साथ–साथ समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। वर्तमान में वे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं, जबकि उनकी माता पूर्व ग्राम प्रधान रह चुकी हैं।

# सिवनी सरकार के कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन

## - अकीदतमंदों की उमड़ी भारी भीड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र स्थित पवित्र स्थल सिवनी शरीफ में हजरत ख्वाजा नसीर अहमद सूफी चिश्ती कादरी कलंदरी नूरी निजामी रहमतुल्लाह अलैह, जिन्हें अकीदतमंद सिवनी सरकार के नाम से जानते हैं, का 21 वां सालाना उर्स–ए–मुबारक पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और रूहानियत के माहौल में संपन्न हो गया। तीन दिवसीय इस पावन आयोजन में दूर–दराज जनपदों के साथ–साथ अन्य राज्यों से भी भारी संख्या में जायरीन शामिल हुए और दरगाह पर हाजिरी देकर अपनी अकीदत पेश की। उर्स के दौरान दरगाह शरीफ को बेहद भव्य और आकर्षक तरीके से सजाया गया था। रंग–बिरंगी रोशनी, फूलों की साज–सज्जा और धार्मिक परचमों से सजी दरगाह श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। हर तरफ इबादत, दुआ और इश्क–ए–इलाही का माहौल देखने को मिला। जायरीन दरगाह पर चादरपोशी कर फातिहा पढ़ते रहे और अपनी मुरादों की पूर्ति के लिए दुआएं मांगते नजर आए। गौरतलब है कि 28 मार्च की रात नमाज–ए–इशा के बाद भव्य मुशायरे का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए शायरों ने अपने कलाम पेश कर महफिल को सजाया और देर रात तक वाह–वाह का सिलसिला जारी रहा। उर्स के दूसरे दिन 29 मार्च को सुबह नमाज–ए–फज्र के बाद कुरआन ख्वानी का आयोजन हुआ, जिसमें विश्व में अमन–शांति और भाईचारे के लिए दुआएं की गईं। दिनभर दरगाह पर जायरीन की भीड़ उमड़ती रही और चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। इसी क्रम में 29 मार्च को दोपहर लगभग 3 बजे कस्बे में पारंपरिक चादर जुलूस (चादर घूमी) निकाला गया, जिसमें सैकड़ों अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस कस्बे के प्रमुख मार्गों से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचा, जहां अकीदतमंदों ने पूरे अदब के साथ चादर पेश की और दुआएं मांगीं। इस दौरान या हुसैन, या गरीब नवाज और हक अल्लाह की सदाएं पूरे क्षेत्र में गूंजती रहीं। वहीं, 29 मार्च की रात नमाज–ए–इशा के बाद भव्य कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने उर्स की रौनक में चार चांद लगा दिए। इस रूहानी महफिल में मशहूर कव्वाल असलम निजामी, मुईन निजामी और अनस जुनैद चिश्ती ने अपनी दिलकश आवाज में सूफियाना कलाम पेश कर समां बांध दिया। कव्वालों की पेशकश पर अकीदतमंद झूम उठे और देर रात तक महफिल इश्क–ए–इलाही के रंग में रंगी रही।



उर्स के अंतिम दिन 30 मार्च को सुबह 10 बजे कुल शरीफ की फातिहा अदा की गई, जिसमें देश और दुनिया में अमन–चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे और सभी ने एक साथ हाथ उठाकर दुआ में हिस्सा लिया। कुल शरीफ की रस्म के उपरांत नसीरी उर्स कमेटी द्वारा उर्स के विधिवत समापन की घोषणा की गई। साथ ही कमेटी ने दूर–दराज से आए सभी अकीदतमंदों, जायरीन और सहयोग करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उर्स के सफल आयोजन के लिए नसीरी उर्स कमेटी द्वारा साफ–सफाई, पेयजल, लंगर और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था बनी रही। प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिसके चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। गौरतलब है कि सिवनी शरीफ का यह उर्स केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि गंगा–जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की एक मिसाल है, जहां हर धर्म और वर्ग के लोग एक साथ मिलकर इस पावन अवसर में भाग लेते हैं।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस ने किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद पुलिस द्वारा समस्त थानों में गठित मिशन शक्ति टीम व महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा बालिकाओं, छात्राओं को महिला सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस महानिदेशक द्वारा बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिए जागरूकता अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति, महिला सशक्तिकरण अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत जनपद के विभिन्न थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम व थाने पर नियुक्त महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के बीट, गांव, स्कूल, कॉलेज, पंचायत भवन, प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बालिकाओं्महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर अपराध सम्बन्धित जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण कार्यक्रम के तहत थाना एका के ग्राम नगला गुलाबी, मिशन शक्ति केंद्र थाना सिरसागंज, मिशन शक्ति केंद्र थाना मक्खनपुर, थाना नारखी के ग्राम डौरी थाना नारखी, थाना दक्षिण के मोदीनगर हिमायूंपुर व मालवीय नगर, थाना खैरगढ़ के गांव नगला हिम्मत, थाना उत्तर के पी0डी0 जैन इंटर कॉलेज, मिशन शक्ति केंद्र थाना टूंडला, थाना अरांव के ग्राम भारौल, थाना फरिहा के ग्राम रीवा, थाना नगला सिंघी के ग्राम रामपुर, थाना बसई मौहम्मदपुर के ग्राम फतेहपुर, थाना नसीरपुर के गांव मोहम्मदपुर नदई, थाना जसराना के कस्बा मुस्तफाबाद, थाना पचोखरा के ग्राम सिकरारी, थाना नगला खंगर के ग्राम नगला कोठी, थाना लाइनपार की विष्णु कॉलोनी में जागरूक किया गया तथा बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों जैसे– (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5) 108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मौजूद ऐप फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया ।




# अश्वनी के राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयनित होने पर आयोग की अध्यक्ष ने जताया हर्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। संत राम.ष्ण कन्या महाविद्यालय आगरा में विज्ञान भारती के आयाम शक्ति के 23 वें स्थापना दिवस पर प्रदेश के आगरा मण्डल के जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर ब्रज शक्ति की प्रान्त संयोजिका डॉ सीमा गुप्ता ने उन्हें सम्मानित किया एवं राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष डॉ बबिता चौहान ने हर्ष व्यक्त किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबिता चौहान ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं एवं ब्रज प्रान्त की समन्यवक डॉ सीमा गुप्ता ने बताया कि अश्वनी कुमार जैन विज्ञान भारती के आजीवन सदस्य होने के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रज प्रान्त के राज्य मीडिया समन्यवक है। उनके निर्देशन में जनपद के विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य स्तरीय कैम्प में प्रतिभाग कर रहे हैं। अश्वनी कुमार जैन ने डॉ बबिता चौहान अध्यक्ष राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश, डॉ सीमा गुप्ता, भावेंद्र जी के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।



# पंचायत चुनाव की तारीख घोषित होने से पहले बढ़ी उम्मीदवारों में हलचल

## – गली–गली पहुंचने लगे प्रत्याशी

न्यूज वाणी ब्यूरो /अमेठी। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन उम्मीदवारों ने अभी से ही प्रचार शुरू कर दिया है। संभावित प्रत्याशी मतदाताओं से मिलने और उनका समर्थन प्राप्त करने के लिए गली–गली जा रहे हैं। चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही चुनावी माहौल गरमा गया है। पंचायत चुनाव की तिथि अभी सरकारी फाइलों में उलझी हुई है, लेकिन गांवों में चुनावी माहौल पूरी तरह बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गली–कूचों से लेकर चट्टी–चौराहों तक ऐसी हलचल बनी है, जैसे चुनाव की घोषणा किसी भी क्षण होने वाली हो। लोगों की रोजमर्रा की बातचीत में अब चुनाव प्रमुख मुद्दा बन चुका है। तिथि घोषित न होने के बावजूद जिला पंचायत सदस्य, प्रधान और बीडीसी पद के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। प्रत्याशियों के बीच यह धारणा मजबूत है कि तारीख घोषित होने में हो रही देरी उनके लिए अतिरिक्त प्रचार का अवसर साबित हो रही है। इसी विश्वास के साथ वे गांव–गांव, घर–घर संपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक गांवों की गलियों में उम्मीदवारों की आवाजाही लगातार देखी जा रही है। ग्रामीण इलाकों में इन दिनों सबसे अधिक चहल–पहल मतदाताओं के दरवाजों पर दिख रही है। चट्टी–चौराहे व चाय दुकानों पर प्रत्याशियों की उपस्थिति सामान्य .श्य बन गई है। चुनावी मैदान में इस बार न सिर्फ पुराने नेता, बल्कि पहली बार भाग्य आजमाने वाले युवा और महिलाएं भी मजबूती के साथ प्रचार में उतरी हैं। ग्रामीण महिलाओं में भी राजनीतिक सक्रियता उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। महिला सीटों वाले क्षेत्रों में दावेदार घर–घर जाकर जनसमर्थन जुटा रही हैं। कहीं चाय–पानी की बैठकी हो रही है, तो कहीं दरवाजे पर अलग–अलग मुद्दों पर लंबी बातचीत का दौर चलता है। देखना ये है कि इंतजार की घडी कब खत्म होंगी।

# विनर्स आरके एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ पुरस्कार वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। कस्बे में संचालित शिक्षण संस्थान विनर्स आर के एकेडमी में भव्य सांस्ःतिक कार्यक्रम के बीच पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं, अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरा परिसर उत्सव के माहौल में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र शुक्ला एवं विद्यालय प्रबंधक राम उजेर शुक्ल द्वारा मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय की अनुशासित कार्यशैली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कारयुक्त वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को देखकर अभिभावकों ने भी विद्यालय की शिक्षण पद्धति की खुलकर प्रशंसा की। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और सांस्ःतिक रंगों की झलक देखने को मिली। पुरस्कार वितरण में विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा एक की छात्रा सान्वी पांडेय एवं उमे रुबा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा तीन की छात्रा अवंतिका शुक्ला ने भी प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा चार की छात्रा अदिति सिंह, कक्षा पाँच के छात्र आभास गुप्ता तथा कक्षा छह की छात्रा अराध्या शुक्ला ने भी उत्ष्ट प्रदर्शन कर सम्मान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिका शुक्ल ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य बच्चों को केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और रचनात्मकता का विकास करना भी है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षकगण अखिल शुक्ल, गीता निषाद, रुचि अग्रवाल, शिव बिरंच दुबे, केके मिश्रा, स्वाती गुप्ता एवं उमा पांडेय सहित अभिभावक एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय की उत्ष्ट शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से देखने को मिला।




# शानदार परिणाम के साथ सरस्वती बाल मंदिर में मनाया सम्मान समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो /नजीबाबाद, बिजनौर। मूर्ति देवी सरस्वती बाल मंदिर विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल घोषित होने के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर उत्साह और खुशी के माहौल में डूबा नजर आया। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही परीक्षाफल घोषित किया गया, विद्यालय का शत–प्रतिशत परिणाम सामने आया, जिसने छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण को साबित कर दिया। इस उपलब्धि ने अभिभावकों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह भर दिया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चेक और उपहार देकर सम्मानित किया। विशेष रूप से कक्षा एक में मोहम्मद जियान, कक्षा दो में रितेश, कक्षा तीन में अर्नव, कक्षा चार में हर्ष कुमार और कक्षा पांच में मोहम्मद फैज ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर डॉ. सक्सेना ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अरुण कौशिक ने सभी छात्रों को निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार, अभिभावकों और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



# शोभायात्रा में जैन समाज ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो /नानौता, सहारनपुर। भगवान महावीर जयंती के पावन उपलक्ष्य में जैन समाज द्वारा श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मेन बाजार से आरम्भ होकर नगर में भव्य शोभायात्रा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के मैन बाजार से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई वापस श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मैन पर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा भी अपने कार्यकर्ताओ के साथ जैन समाज द्वारा निकाली जा रही महावीर जयंती में शामिल हुए। इस मौके पर जैन समाज द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा का जोरदार तरीके से स्वागत किया। मंगलवार की शुबह जैन समाज द्वारा बैण्ड बाजो के साथ महावीर जयंती निकाली गई यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भगवान महावीर के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। जगह जगह शोभायात्रा का फूल लाओं से स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियां और धार्मिक झलकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे इस आयोजन में शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नानौता थाना अध्यक्ष नवीन सैनी पुलिस बल के साथ पूरे समय मौजूद रहे और व्यवस्था को सुचारु रूप से संभाला। इस दौरान अनिल जैन, काकू जैन, जैल अजय जैन, मनोज जैन, सभासद अंकुर जैन, दिव्य जैन, भव्य जैन, हर्ष जैन, नवकार जैन, चिंतामणि जैन, संदीप जैन, कल्लू जैन, आँचल जैन, मुनेश जैन, रेखा जैन, सीमा जैन, शिल्पी जैन, सोनम जैन, अभिषेक जैन आदि जैन समाज के काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्मे बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# चोरी की घटना का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## – करीब 3.5 लाख रुपए कीमत के आभूषण, नकद रुपए सहित तमंचा बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व अपर पुलिस अधीक्षक ध्क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत छनेहरालालपुर में 02 घरों का ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के करीब 3.5 लाख रुपए कीमत के आभूषण, नकद रुपए सहित अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए है। गौरतलब हो कि 30 मार्च को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के छनेहरालालपुर के रहने वाले मुखिया पुत्र भुरईया व मुन्ना ने अपने घर में 25 मार्च को व मुन्ना पुत्र मइयादिन ने अपने घर में 28 मार्च को अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर चोरी किए जाने सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिए गए थे। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजी.त कर अभियुक्तों की पहचान व गिरतारी हेतु टीमों का गठन किया गया। जिसके क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों से पूछताछ, वैज्ञानिक व तकनिकी साक्ष्यों का प्रयोग कर अभियुक्तों की पहचान करते हुए सूचना के 12 घण्टे के अन्दर मुखबिर की सूचना पर 03 अभियुक्तों को छनेहरालालपुर रोड से गिरतार कर लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा घरों में चोरी किए जाने की घटना को स्वीकार किया गया तथा तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी किए गए करीब 3.5 लाख रुपए कीमत के आभूषण, नकद रुपए सहित अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए है। पकड़े गए अभियुक्त विवेक कुमार पुत्र रामेश्वर, सुरेश उर्फ मोती पुत्र दुर्जन व संतोष कुमार पुत्र बद्दू निवासीगण छनेहरालालपुर थाना कोतवाली देहात के विरूद्ध मु0अ0सं0– 85/26 धारा 305(।)/317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0– 85/26 धारा 305(।)/317(2) बीएनएस में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में चन्द्र प्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष, उ0नि0 राजेश चन्द्र, कां0 सचिन पटेल व कां0 अभिषेक मिश्रा शामिल रहे।

# घर में आग लगने से महिला की जलकर मौत, बच्ची व पति झुलसे

न्यूज वाणी ब्यूरो /बांदा। घर में अचानक आग लगने से एक महिला की जलकर दर्दनाक मौत हो गई है तो वहीं मृतका का पति और उसकी बच्ची भी झुलस गए हैं। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर महिला को जलाकर मारने का आरोप लगाया है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज की है। जहां पर रात एक बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक घर में आग लग गई है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची परिजन व पुलिस ने सभी को बाहर निकलने का प्रयास किया लेकिन महिला गंभीर रूप से झुलस चुकी थी सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वही आग से झूलसे मृतका के पति और उसकी बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतका के बेटे ने बताया कि एक दिन पूर्व घर में आपसी लड़ाई हुई थी जिसके बाद दादा दादी फूफी और चाचा ने मिलकर मां को पीटा था। उसके बाद जब पिता घर आए तो उन्हें भी मां को पीट दिया था। इन्हीं लोगों ने मां की आग जलाकर हत्या की है। मृतका की परिजन ने भी ससुरालियों पर आग लगाकर मारने का आरोप लगाया है। मृतका के सास ससुर नंद और देवर फरार बताए जा रहे हैं। वही घटना के बारे में पुलिस का कहना है कि सूचना मिली थी कि एक घर में आग लगी है जाकर आग पर काबू पाया गया है। हादसे में जलकर एक महिला की मौत हो चुकी है वहीं अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल फॉरेंसिक टीम की मदद से आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। तथ्यों के अनुसार आगे की विधि कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु हरिकिशन रेड रोज पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

## – मेधावी छात्र–छात्राओं का हुआ सम्मान



न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। मटेरा कस्बे स्थित गुरु हरिकिशन रेड रोज पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण सम्मान समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्तिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री व स्पार्क कालेज की डायरेक्टर डॉ. अभिलाषा वर्मा मौजूद रहीं। मंडल अध्यक्ष कुश सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने मेधावी छात्रों को उनके उत्ष्ट परीक्षा परिणाम और विभिन्न गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और कड़ी मेहनत को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं विशिष्ट अतिथि ने निरंतर प्रयास और लगन से सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। विद्यालय के संरक्षक एसएन सिंह, प्रबंधक रविन्द्र कौर, अध्यक्ष डॉ. डीपी सिंह एवं उप प्रबंधक डॉ. देवेंद्र पाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समारोह ने विद्यालय परिवार में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार किया।

# रहस्यमयी आत्महत्या, पानी की टंकी पर लटका मिला युवक

न्यूज वाणी ब्यूरो /नगीना, बिजनौर। गांव कालाखेड़ी मार्ग पर मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब करीब 50 फीट ऊंची पानी की टंकी पर एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को नीचे उतारा गया। मृतक की पहचान मोहल्ला लाल सराय निवासी 22 वर्षीय नवेद पुत्र मोहम्मद अकबर के रूप में हुई है। बताया गया कि नवेद सोमवार शाम करीब छह बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की और रात में ही उसके लापता होने की सूचना पुलिस को दे दी थी। मंगलवार सुबह जब ग्रामीणों ने कालाखेड़ी मार्ग स्थित पानी की टंकी के ऊपरी हिस्से में युवक को लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थाना अध्यक्ष अवनीत मान ने स्थिति का जायजा लिया, लेकिन टंकी की अधिक ऊंचाई के चलते शव को उतारना आसान नहीं था। बाद में अग्निशमन कर्मियों को बुलाया गया, जिन्होंने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद शव को नीचे उतारा। परिजनों के अनुसार नवेद सात भाई–बहनों में सबसे छोटा था और सोमवार शाम से ही लापता था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का कोई स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है।

# नमो कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के 35 युवाओं के सपनों को मिली उड़ान

## - 100 प्रतिशत जॉब प्लेसमेंट के साथ प्रथम बैच का समापन

## - नोएडा की प्रतिष्ठित कंपनी में 28 प्रशिक्षुओं ने पाई नौकरी, अतिथि ने बाटे प्रमाण पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। स्थानीय नमो कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर द्वारा हेड हेल्ड हाई संस्था के सहयोग से संचालित निःशुल्क कौशल विकास एवं रोजगार गारंटी कार्यक्रम के प्रथम बैच का भव्य समापन मंगलवार को हुआ। 45 दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले 35 छात्र–छात्राओं को एक समारोह के दौरान प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष राजपूत मौजूद रहे। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि इस बैच के 28 छात्र–छात्राओं का चयन नोएडा की नामचीन कंपनी कोजेंट ई–सर्विसेज लिमिटेड में हो चुका है, जहां उन्होंने अपनी जॉइनिंग भी ले ली है। शेष छात्र जो स्थानीय स्तर पर कार्य करना चाहते हैं, उनके लिए भी संस्था जॉब प्लेसमेंट की प्रक्रिया सुनिश्चित कर रही है। श्री साहू ने दोहराया कि संस्था का मुख्य लक्ष्य युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें 100 प्रतिशत रोजगार दिलाना है, जिसके लिए पूरी टीम प्रतिबद्ध है। मेधावी प्रशिक्षुओं का सम्मान ट्रेनिंग के दौरान असाधारण प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं में रचना देवी, सरिता देवी, श्वेता देवी, एकानंद अमित, आदित्य, आशीष मिश्रा और हर्षित को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। संस्थान की ओर से बताया गया कि जो छात्र पारिवारिक कारणों से अभी कार्यभार नहीं संभाल पा रहे हैं, उन्हें भविष्य में अवसर प्रदान किया जाएगा। निःशुल्क सुविधाओं से सशक्त हुए युवा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि छात्रों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत में ही प्रत्येक छात्र को आईडी कार्ड, स्टेशनरी और फुल ड्रेस (टाई, पैंट–शर्ट) निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर अध्यापक अंकुर सेन, पुष्कर सिंह, पूजा देवी और विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने वाले कुशल ट्रेनर बृजभूषण सर सहित संस्थान के समस्त छात्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संतोष राजपूत ने संस्थान के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे युवाओं के स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

# पुलिस का बड़ा एक्शन : संगठित साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में साइबर अपराध से जुड़े हॉट स्पॉट्स के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नगर/अपराध नारायण दत्त मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में साइबर थाना व साइबर/सर्विलांस टीम ने संगठित साइबर ठगी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 06 अभियुक्तों को गिरतार किया है।

प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना रणजीत यादव एवं साइबर/सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक अभिनव सिंह के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पर पंजी.त मु0अ0सं0 02/2026, धारा 318(4), 308(5), 351(3), 352, 317(2), 61(2) बीएनएस व धारा 66 डी आईटी एक्ट के तहत यह कार्रवाई की गई। जांच में सामने आया कि अभियुक्तगण सुनियोजित एवं संगठित ढंग से साइबर ठगी का नेटवर्क संचालित कर रहे थे। ये लोग भोले–भाले व्यक्तियों को धन का लालच देकर उनके नाम से नए बैंक खाते खुलवाते या पुराने खातों का उपयोग करते थे। इन खातों में साइबर फ्रॉड से अर्जित धनराशि मंगाई जाती थी। बदले में खाता धारकों को मामूली कमीशन दिया जाता था, जबकि शेष रकम को पूर्व–हस्ताक्षरित चेकों के माध्यम से तत्काल निकालकर आपस में बांट लिया जाता था। नेटवर्क में मो0 आमिर खातों के प्रबंधन की अहम भूमिका निभा रहा था, जो खाते अपने सहयोगी नूर अहमद एवं अर्शियान उर्फ सुहेल को उपलब्ध कराता था। इसके बाद मो0 कैफ एवं अन्य सह–अभियुक्त इन खातों में साइबर ठगी की रकम मंगाकर शिकायत दर्ज होने से पहले ही चेक के जरिए निकाल लेते थे। गिरतार अभियुक्त मो0 कैफ खान पुत्र स्व0 सनाउल्ला (23 वर्ष), निवासी बौकहा, थाना रामगांव नूर अहमद पुत्र मकसूद अहमद (27 वर्ष), निवासी ढपालीपुरवा, थाना को0 देहात अर्शियान उर्फ सुहेल पुत्र मो0 जाहिद (26 वर्ष), निवासी सखैय्यापुरा, थाना को0 नगर मो0 आमिर पुत्र महफूज खां (31 वर्ष), निवासी चांदपुरा, थाना को0 नगर सत्येन्द्र कुमार चौहान पुत्र हरीश चन्द्र चौहान (30 वर्ष), निवासी मलुहा भकुरहा, थाना मटेरा रामजी यादव पुत्र राम मूरत यादव (38 वर्ष), निवासी वशीरगंज उत्तरी, थाना को0 नगर सभी अभियुक्तों को राजापुर माफी से गिरतार कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

# मटेरा में सियासी सरगर्मी तेज, अविनाश की दावेदारी बनी चर्चा का विषय

## - तेली समाज की निर्णायक भूमिका से बदल सकता चुनावी समीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। मटेरा विधानसभा 284 में चुनावी हलचल लगातार तेज होती जा रही है और इस बार मुकाबला दिलचस्प मोड़ लेता नजर आ रहा है। क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाते हुए अविनाश साहू ने अपनी दावेदारी को मजबूत तरीके से स्थापित किया है। लगातार जनसंपर्क, स्थानीय बैठकों और सामाजिक भागीदारी के जरिए उन्होंने मतदाताओं के बीच अपनी उपस्थिति को प्रभावी बनाया है। इस चुनाव में तेली समाज की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अनुमानित 35 हजार मतदाताओं वाला यह वर्ग परिणाम तय करने की स्थिति में है। अविनाश साहू का इसी समाज से जुड़ाव उनके पक्ष में एक मजबूत आधार तैयार करता दिखाई दे रहा है। क्षेत्रीय चर्चाओं में यह बात प्रमुखता से उभर रही है कि जातीय समीकरण इस बार चुनावी दिशा तय कर सकते हैं। यदि तेली समाज एकजुट होकर मतदान करता है, तो पारंपरिक समीकरणों में बड़ा बदलाव संभव है। अविनाश साहू ने अपने संबोधनों में विकास, सम्मान और समान भागीदारी को प्रमुख मुद्दा बताते हुए सभी वर्गों के समर्थन की अपील की है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अपना दल (एस) इस सीट पर मजबूत स्थिति में आ सकती है, यदि सामाजिक समर्थन उनके पक्ष में संगठित होता है। कुल मिलाकर, मटेरा विधानसभा इस बार जिले की सबसे चर्चित और प्रतिस्पर्धी सीटों में शामिल होती जा रही है।

# बहेलिया में सम्पन्न हुआ रामायण पाठ व शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। फखरपुर क्षेत्र के ग्राम बहेलिया में रविवार को रामायण पाठ एवं श्री शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कार्यकर्ता संजय पांडे के आवास पर किया गया, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री व स्पार्क कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. अभिलाषा वर्मा ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया सम्पन्न हुई, जिससे पूरे गांव में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालु भजन–कीर्तन में लीन दिखाई दिए। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. अभिलाषा वर्मा ने क्षेत्र की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता का प्रतीक है।

# पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पकड़ा

## - राजस्थान से चोरी किया गया महिन्द्रा ट्रैक्टर बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना वैदपुरा पुलिस ने जैसलमेर (राजस्थान) से ट्रैक्टर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरतार करते हुए उनके कब्जे से चोरी का महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 बरामद किया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के क्रम में जनपद में चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अभियुक्तों की गिरतारी हेतु थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति चोरी के ट्रैक्टर के साथ ग्राम बनामई से वैदपुरा की ओर आ रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम रेलवे स्टेशन वैदपुरा जाने वाली सड़क पर पहुंची। कुछ समय बाद एक ट्रैक्टर आता दिखाई दिया, जिसे रोकने का इशारा किया गया। ट्रैक्टर चालक एवं उसके साथ बैठा व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने आवश्यक बल प्रयोग कर दोनों को मौके से ट्रैक्टर सहित पकड़ लिया। गिरतार अभियुक्तों से जब बरामद ट्रैक्टर के संबंध में पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे जैसलमेर, राजस्थान में एक मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में मजदूरी करते थे। वहीं अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर जून 2024 में उक्त ट्रैक्टर चोरी किया था। इस संबंध में थाना कोतवाली जैसलमेर (राजस्थान) में मु0अ0सं0 179/2024 धारा 379 भादवि के अंतर्गत मामला दर्ज है। इस बरामदगी एवं गिरतारी के संबंध में थाना वैदपुरा पर मु0अ0सं0 28/2026 धारा 317(2), 317(5) बीएनएस व धारा 35/106 बीएनएस के तहत अभियोग पंजी.त किया गया है। गिरतार अभियुक्तों में अंकित प्रताप पुत्र शिव सिंह गौर निवासी ग्राम बनामई थाना वैदपुरा व कुलदीप प्रताप पुत्र शिव सिंह गौर निवासी ग्राम बनामई थाना वैदपुरा शामिल हैं। कार्रवाई में थाना वैदपुरा की पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई जिसमें थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक जय सिंह, कांस्टेबल जोनी कुमार, विपिन कुमार तथा रजत कुमार शामिल रहे।




# भाजपा ने छह अप्रैल को स्थापना दिवस मनाने की बनाई रणनीति

## – भाजपा ने विश्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में बनाई पहचान : संतोष

न्यूज वाणी ब्यूरो




बाँदा। आगामी 6 अप्रैल को भाजपा द्वारा मनाये जाने वाले स्थापना दिवस की तैयारी बैठक भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता ने अपने सम्बोधन में में कहा कि भाजपा ने विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में पहचान बनाई है जिसमें पार्टी पदाधिकारी सेवा व समर्पण भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। उन्होंने जिला व मण्डल के नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों से अनुशासन में रहकर पार्टी को आगे बढ़ाने में सहयोग की अपेक्षा की। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि आगामी 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा जिसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला महामंत्री ममता मिश्रा ने संचालन करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसमें 6 अप्रैल को घर घर पार्टी का ध्वज फहराया जायेगा। गोष्ठियाँ आयोजित की जायेंगी। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, लवलेश सिंह, बालमुकुंद शुक्ला, मालती बासू, सुधीर सिंह, निखिल सक्सेना, देशराज सिंह संतोष नायक, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, रूपा चौहान, अमित सेठ भोलू, आनंदी साहू, राजभवन उपाध्याय, संतोष गुप्ता संतू, पंकज रायकवार सहित सभी मण्डल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त तीन पुलिस कर्मियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर दी विदाई

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। मंगलवार को अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले तीन पुलिस कर्मियों को अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक द्वारा पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में उनके दीर्घकालिक सेवा योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सम्मानजनक एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि जनपद के एक उपनिरीक्षक, एक प्रधान परिचालक रेडियो व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हो गए इनमें उ0नि0 फूलचन्द्र थाना बदौसा, प्रधान परिचालक श्रीश कुमार रत्नाकर रेडियो शाखा, व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजू शामिल हैं। सम्मान समारोह के दौरान प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव सहित सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन आदि उपस्थित रहे।

# समाजवाद के नाम पर गरीबों का हक मारते थे परिवारवादी

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। नवाबगंज विकासखंड अंतर्गत बाबागंज परमहंस कुट्टी ब्लॉक प्रमुख जनसुनवाई कार्यालय बाबागंज पर एक कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का आवाहन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने कहा कि पहले समाजवाद के नाम पर परिवारवाद हावी था और गरीबों का हक छीना जाता था। उन्होंने चेतावनी दी कि योगी ने सख्त रूप से कहा कि यदि प्रदेश में कोई गरीबों के अधिकारों में भ्रष्टाचार करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी जानते हैं कि पहले जो बच्चों की छात्रवृत्ति राशि जिलों में जाकर अटक जाती थी भ्रष्टाचार के कारण छात्रों तक पूरी रकम नहीं पहुंचती थी अब डिजिटल प्रणाली के माध्यम से एक क्लिक पर पैसा सीधे छात्रों के खाते में पहुंच रहा है। सरकार की मंशा स्पष्ट है हमें प्रत्येक नागरिक तक सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है।

# हार्वेस्टर की चिंगारी बनी आफत, तीन बीघा गेहूं की फसल खाक

न्यूज वाणी ब्यूरो



किशनपुर–फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के नायुत का पुरवा (मजरा गढ़ा) गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने किसान की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेत में चल रहे हार्वेस्टर से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते खड़ी गेहूं की फसल को आग के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक किसान विजयपाल पुत्र रामराखन, जो बटाई पर खेती कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं, सुबह करीब 9 बजे अपनी फसल की कटाई करवा रहे थे। इसी दौरान हार्वेस्टर मशीन में अचानक तकनीकी खराबी के चलते शॉर्ट सर्किट हुआ और उससे निकली चिंगारी सूखी फसल पर गिर गई। चंद ही मिनटों में आग ने भयंकर रूप ले लिया। खेत से उठती लपटें और धुआं देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। इस अग्निकांड में करीब 2 से 3 बीघा गेहूं की तैयार फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना के बाद पीड़ित किसान का रो–रोकर बुरा हाल है। बटाई पर खेती करने वाले किसान के सामने अब आर्थिक संकट गहराता नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उसे इस नुकसान से कुछ राहत मिल सके। वहीं, थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। साथ ही राजस्व विभाग को भी सूचित कर जांच शुरू करा दी गई है।

# चौबिया पुलिस का मिशन शक्ति अभियान, महिलाओं को किया जागरूक

### – हेल्पलाइन नंबरों व साइबर सुरक्षा के प्रति दी महत्वपूर्ण जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना चौबिया क्षेत्र के ग्राम बरसेडा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा से जुड़े अधिकारों एवं उपायों के प्रति जागरूक किया। साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके अलावा साइबर अपराध ाों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को समझाया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे समाज में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

# डीएम की सख्ती, पोषण योजनाओं में 100 प्रतिशत लक्ष्य के निर्देश

### - कम प्रगति पर जताई नाराजगी, सुधार की हिदायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने की। बैठक में विभिन्न पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। पोषण ट्रैकर, फेस फैक्टर एवं ई–केवाईसी (एफआरएस) की प्रगति पर असंतोष जताते हुए कहा गया कि बार–बार निर्देशों के बावजूद शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त नहीं हो रहा है। बदपुरा में 96. 90 प्रतिशत, महेवा में 95.39 प्रतिशत तथा कुल प्रगति 95.94 प्रतिशत दर्ज की गई, जिसे शीघ्र 100 प्रतिशत करने के निर्देश दिए गए। स्पष्ट किया गया कि भारत सरकार 100 प्रतिशत से कम प्रगति स्वीकार नहीं करेगी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच एवं पोषण ट्रैकिंग की समीक्षा में बढ़पुरा (70.6 प्रतिशत), बसरेहर (67.4 प्रतिशत), महेवा (41. 3 प्रतिशत), चकरनगर (46.4 प्रतिशत), ताखा (67.0 प्रतिशत), सैफई (82.1 प्रतिशत), जसवंतनगर (61.7 प्रतिशत), इटावा (77.7 प्रतिशत) एवं भरथना (45.0 प्रतिशत) की स्थिति सामने आई। एएनएम के नियमित प्रशिक्षण एवं बैठक कराने के निर्देश दिए गए, साथ ही जहां रुचि का अभाव पाया जाए वहां जिम्मेदारी तय करने को कहा गया। बैठक में अनुपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। आभा आईडी एवं अपार आईडी के संबंध में सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर लंबित आभा आईडी की सूची बनाकर निगरानी की जाए तथा 3 से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों का अपार आईडी बनाना सुनिश्चित किया जाए। मेजरमेंट एफिशिएंसी पर जोर देते हुए निर्देश




दिए गए कि पार्टनर एजेंसियां गांव स्तर पर सर्वे कर सही एवं गलत आंकड़ों का स्पष्ट अंकन करें, जिससे वास्तविक स्थिति सामने आ सके। पोषण ट्रैकर गृह भ्रमण अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, जिसमें छूटे हुए बच्चों एवं लाभार्थियों को कवर करने के निर्देश दिए गए। सीबीई एवं वीएसएचएनडी सत्रों की समीक्षा में पाया गया कि 1564 के सापेक्ष केवल 1255 सत्र ही आयोजित हुए हैं, जिसे अपर्याप्त बताते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। इन सत्रों में गर्भवती महिलाओं की जांच जैसे वजन, हीमोग्लोबिन, बीपी एवं यूरिन जांच की महत्ता पर जोर दिया गया। पोषण वितरण की समीक्षा में एफआरएस के माध्यम से 89.22: प्रगति पाई गई। बदपुरा, बसरेहर, भरथना एवं चकरनगर में विशेष सुधार के निर्देश दिए गए। लाभार्थियों को वास्तविक रूप से पोषण मिल रहा है या नहीं, इसकी जांच कराने को कहा गया। सैम बच्चों के चिन्हीकरण में जनवरी में 473, फरवरी में 650 एवं मार्च में 537 बच्चों की पहचान की गई। अधिक परिश्रम कर सैम बच्चों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। एनआरसी में सैम बच्चों की भर्ती की समीक्षा में केवल 12 बच्चों की भर्ती पाई गई, जिसमें चकरनगर में शून्य भर्ती होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों को भर्ती कराने के निर्देश दिए गए। आरबीएस मिशन के अंतर्गत जन्म पंजीकरण अभियान को पूर्ण करने तथा सभी बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि जन्म प्रमाण पत्र की संख्या अभी कम है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। कन्या सुमंगला योजना में 243 के सापेक्ष 212 आवेदन पूर्ण किए गए, जबकि चकरनगर की स्थिति सबसे कमजोर पाई गई। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के आयुष्मान कार्ड की प्रगति में 1489 के सापेक्ष 785 कार्ड बनाए गए हैं। शेष कार्ड शीघ्र बनवाने एवं सभी की आईडी सक्रिय कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्कूल चलो अभियान 2026 की भी समीक्षा की गई। इसका प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तथा द्वितीय चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक संचालित होगा। अभियान के तहत 3 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों का आंगनवाड़ीध्बालवाटिका में, 6 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों का कक्षा 1 में तथा 7 से 14 वर्ष तक के ड्रॉपआउट एवं आउट ऑफ स्कूल बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आशा वर्कर को 3 से 5 वर्ष आयु के बच्चों की सूची आंगनवाड़ी व बालवाटिका के साथ साझा करने तथा आंगनवाड़ी से 6 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों की सूची कक्षा 1 के शिक्षकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, जिससे नामांकन शत–प्रतिशत सुनिश्चित हो सके। अंत में सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं को गंभीरता से लेने, नियमित मॉनिटरिंग करने एवं निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, एडीपीआरओ रोहित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बलरई में सुरक्षा, हेल्पलाइन व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना बलरई क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत पुलिस टीम ने क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा और



अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इसमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है, जिससे समाज में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

# सदर विधानसभा में दो दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

### – कार्यकर्ताओं को संगठन, बूथ प्रबंधन व डिजिटल माध्यमों का दिया प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नारायणा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में विधानसभा के सभी पांच मंडलों





का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026 सकुशल संपन्न हुआ। प्रशिक्षण अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधि ाकारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न विषयों पर संबंधित वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंच रहा है। प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत कार्य विस्तार की .ष्टि विषय पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, 'सेवा ही संगठन' के मंत्र के साथ जन–जन तक पहुंचना तथा 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि कार्य विस्तार का अर्थ केवल राजनीतिक शक्ति बढ़ाना नहीं, बल्कि संगठन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण को सशक्त करना है। बूथ प्रबंधन विषय पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि भाजपा का बूथ प्रबंधन उसकी चुनावी सफलता का प्रमुख आधार है। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' के तहत प्रत्येक बूथ पर 21 सदस्यीय समिति एवं पन्ना प्रमुख नियुक्त किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में पार्टी सोशल मीडिया, प्रत्यक्ष जनसंपर्क और लाभार्थी संवाद पर विशेष ध्यान दे रही है। सोशल मीडिया, नमो ऐप एवं सरल ऐप के विषय में जानकारी देते हुए जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़ ने कहा कि भाजपा डिजिटल तकनीक का प्रभावी उपयोग कर रही है। सोशल मीडिया, नमो ऐप और सरल ऐप के माध्यम से सरकार की योजनाओं और राष्ट्रवादी विचारों का व्यापक प्रसार किया जा रहा है, जिससे संगठन को मजबूती मिल रही है। प्रशिक्षण अभियान में वर्ग प्रभारी डॉ. रमाकांत शर्मा, वर्ग प्रमुख .पा नारायण तिवारी, व्यवस्था प्रमुख एवं महामंत्री सतेन्द्र राजपूत, जिला महामंत्री हरनाथ कुशवाहा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, वर्ग नियंत्रक संजीव भदौरिया, कार्यक्रम प्रमुख अभिषेक मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विरला शाक्य, अशोक चौबे, अनूप जाटव, अमित तिवारी, जिला मंत्री आयुष राज, संजू बाबू शाक्य, मधु तोमर, एडवोकेट प्रीति दुबे, जितेंद्र पाल, सुरेश राजपूत, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सोशल मीडिया जिला प्रमुख विमलेश शाक्य, आईटी प्रमुख शरद तिवारी सहित सदर विधानसभा के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्र पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व पदाधिकारी, नव–नियुक्त जिला कार्यकारिणी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी तथा निर्वाचित एवं नामित सभासद मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ और कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रेरणा मिली।

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर दिए कड़े निर्देश

### - स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में सफाई, टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संचारी रोग नियंत्रण एवं विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रभाव से पूर्व वर्षों की तुलना में बीमारियों के मामलों में कमी आई है। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। नगर निकायों को निर्देश दिए गए कि विशेष अभियान चलाकर नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हो और संक्रमण पर नियंत्रण पाया जा सके। पंचायत विभाग को गांवों में मशीनरी लगाकर साफ–सफाई कराने तथा चिन्हित संवेदनशील गांवों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी स्थानों पर मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कराने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि लोगों को मच्छरदानी के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए, जिसे सस्ता और प्रभावी उपाय बताया गया। शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में पीटीएम के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया जाए तथा स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए। अभियान को सफल बनाने के लिए



व्यापक प्रचार–प्रसार, सोशल मीडिया, प्रेस कॉन्फ्रेंस और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता पर जोर दिया गया। आशा कार्यकर्ताओं के चयन की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में कुल 200 आशाओं का चयन किया जाना है, जिसमें जसवंतनगर (44), महेवा (31), बसरेहर (18), भरथना (16), बढ़पुरा (38), ताखा (15), चकरनगर (10) और सैफई (28) शामिल हैं। चयन प्रक्रिया एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा में महिला नसबंदी, एनएसवी (छवद ैबंसचमस टेंमब. जववउल) और पीपीआईयूसीडी की प्रगति में सुधार लाने को कहा गया। अंतरा इंजेक्शन कार्यक्रम में कम प्रगति वाले ब्लॉकों.बढ़पुरा, भरथना और सैफई.में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। संस्थागत प्रसव, एएनसी पंजीकरण और एमडीएसआर रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिलाओं का प्रारंभ से पंजीकरण कर नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया गया। गंभीर एनीमिया के मामलों में महेवा, बसरेहर और बकेवर ब्लॉकों में विशेष ध्यान देने को कहा गया। प्रध ाानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, जो प्रत्येक माह की 1, 9, 16 और 24 तारीख को आयोजित होता है, उसमें ताखा ब्लॉक की प्रगति कम पाई गई, जिसे सुधारने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सीएचओ टेली–कंसल्टेशन, डीवीडीएम, सीएचओ उपस्थिति एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिन केंद्रों पर बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा नहीं है, वहां तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीएचओ टेली–कंसल्टेशन को उपयोगी बताते हुए प्रत्येक सीएचओ को प्रतिदिन लगभग पांच कंसल्टेशन करने के निर्देश दिए गए। टीबी उन्मूलन अभियान की समीक्षा में बताया गया कि 24 मार्च से 100 दिवसीय अभियान प्रारंभ होकर 24 जून तक चलेगा। अधिक से अधिक मरीजों की पहचान कर जांच सुनिश्चित करने तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की शत–प्रतिशत स्क्रीनिंग के निर्देश दिए गए। एनक्यूएएस मानकों के तहत सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रमाणित करने पर जोर दिया गया। आभा आईडी और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा में आयुष्मान कार्ड की प्रगति को असंतोषजनक बताते हुए नई आईडी बनाकर अधिक से अधिक कार्ड तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार, सीएमएस (महिला) अनिल कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आदर्श स्कूल इकदिल का परीक्षाफल घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय के प्रध ाानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट ने सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित




किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की स इस मौके पर प्रबंध ाक राम अवतार तिवारी ने सभी बच्चों को शुभाशीष देते हुए कहा कि सभी को निरन्तर प्रयास करना चाहिए और एक लक्ष्य निर्धारिय करके आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफिशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत, नीतू, श्रष्टि तिवारी आदि उपस्थित रहे।




# डीएम के प्रयास रंग लाए, कांयछी संपर्क मार्ग निर्माण को मिली स्वीकृति

### - चकरनगर क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलेगा बेहतर आवागमन का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में विकास कार्यों को गति देने के क्रम में विकास खंड चकरनगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम कांयछी संपर्क मार्ग के नवनिर्माण को शासन स्तर से स्वी.ति मिल गई है। इस महत्वपूर्ण स्वी.ति से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है और लंबे समय से चली आ रही सड़क की समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है। कांयछी संपर्क मार्ग के निर्माण की स्वी.ति मिलने से अब क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। यह मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में था, जिससे ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती थी, जिससे कई बार आवागमन बाधित हो जाता था। संपर्क मार्ग के नवनिर्माण से न केवल ग्राम कांयछी बल्कि आसपास के अन्य गांवों को भी सीधा लाभ मिलेगा। किसानों को अपनी फसल बाजार तक पहुंचाने में सुविध ाा होगी, वहीं छात्र–छात्राओं को विद्यालय एवं अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुंचने में आसानी होगी। इसके साथ ही आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस आदि की पहुंच भी बेहतर हो सकेगी। यह स्वी.ति क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सड़क निर्माण से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क मुख्य मार्गों से मजबूत होगा। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते




हुए उम्मीद जताई है कि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होकर समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा, जिससे उन्हें जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

# सफलता की गूंज, होनहारों ने बढ़ाया मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर के प्रतिष्ठित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज वीआईपी रोड के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हो गए। इंग्लिश मीडियम में कक्षा 6 में आराध्या राज, नौ में अथर्व सिंह, ग्यारह में सृष्टि गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता–पिता का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियों की इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई दी गई। कड़ी मेहनत और अटूट लगन ने यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्प राज सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, अध्यक्ष हरेश प्रताप सिंह, प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, नवीन प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह, जगदीश सिंह एवं समस्त आचार्य की उपस्थिति रही।

# हनुमान जयंती पर सेवराई में भव्य झांकी, गूंजे जयकारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। स्थानीय गांव स्थित शिव



मंदिर परिसर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्रतिमा स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य झांकी निकाली गई। झांकी को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्तिभाव का माहौल देखने को मिला। झांकी का शुभारंभ शिव मंदिर से हुआ, जो स्थानीय बाजार, मुख्य चौराहा, रेलवे फाटक होते हुए सेवराई गांव पहुंची। इसके बाद झांकी भदौरा बस स्टैंड, यूनियन बैंक चौराहा और तहसील मुख्यालय से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर समिति के सदस्य नरेंद्र कुमार सिंह, अरुण गांधी एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक एवं विधि–विधान से पूजा–अर्चना के साथ की गई। इसके उपरांत हनुमान जी की प्रतिमा को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर पूरे नगर में भ्रमण कराया गया। झांकी के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिला एवं पुरुष श्रद्धालु भगवा वस्त्र धारण कर ष्जय हनुमानष और ष्जय श्रीरामष के गगनभेदी जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। वहीं युवाओं ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर झांकी की शोभा बढ़ाई। पूरे कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला–पुरुष श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे, जिससे आयोजन भव्य और ऐतिहासिक बन गया।



# वार्षिक परीक्षाफल वितरित, बच्चों को दिए पुरस्कार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कोटेश्वर इंटर कालेज रमवा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रबन्धक कोटेश्वर शुक्ला ने सभी कक्षाओं के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में राशी सिंह कक्षा 6, प्रिया देवी 7, रूप नारायण 8, पीहू गुप्ता 9, समीर कुमार 11 कला वर्ग, और धीरज सिंह 11 विज्ञान वर्ग रहे। इसी प्रकार द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य डॉ उमाशंकर तिवारी ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में और मेहनत करते हुए एक अच्छे भविष्य का निर्माण करें। प्रबंधक ने भी सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पांच करोड़ से किशनपुर पहाड़पुर रोड का होगा निर्माण

## – क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान का प्रयास लाया रंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित किशनपुर से पहाड़पुर मार्ग के निर्माण को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को स्वी. ति प्रदान की गई है, जिससे क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। करीब साढ़े चार किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पांच करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में था, जिससे ग्रामीणों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती थी, जिससे आवागमन लगभग बाधित हो जाता था। सड़क निर्माण की स्वी.ति मिलने के बाद अब लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलने की उम्मीद है। इससे न केवल गांवों के बीच संपर्क मजबूत होगा, बल्कि किसानों को भी अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। साथ ही स्कूली बच्चों और दैनिक यात्रियों को भी राहत मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक .ष्णा पासवान के अनुसार, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा और निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। विधायक का कहना है कि सड़क बनने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। स्थानीय निवासी राजीव त्रिवेदी, निरंजन सिंह, प्रमोद त्रिवेदी आदि ने इस निर्णय के लिए शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यह सड़क वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। इसी प्रकार नरौली रोड का भी निर्माण कार्य शुरू होगा।

# लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के मेधावियों का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज पनी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के परीक्षाफल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी, जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता रहे। समारोह में विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र–छात्राओं को अंकपत्र, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत सदस्य रिंकू सिंह लोहारी ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने का कार्य शिक्षक करते हैं, इसलिए शिक्षकों का सम्मान बहुत जरूरी है। जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण ने सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों ने जिस तरह से परीक्षाफल में उत्साहजनक परिणाम दिए हैं सराहनीय हैं। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि सच्ची लगन से ही प्रतिभा निखरती है। तभी विद्यालय का नाम रोशन होता है। समारोह में आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कमलचंद वर्मा, नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरण सिम्पल, आशिष मिश्रा, रवि गुप्ता, अवधेश श्रीवास्तव, अंशुमान, जुबेरिया, विनीता, उपासना, खुशनुमा, मोहनीस, प्रतिभा, रवि कुमार आदि रहे।




# आग के भयावह चंगुल से मां समेत तीन बच्चों को बचाया

## – पुलिस व फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई, कोई जनहानि नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थाना कल्यानपुर क्षेत्र के ग्राम मुरादीपुर में सोमवार रात करीब 11.45 बजे शॉर्ट–सर्किट से लगी भीषण आग ने एक पूरे परिवार को मौत के मुंह में धकेलने की कोशिश की, लेकिन पुलिस और फायर ब्रिगेड की साहसिक एवं त्वरित कार्रवाई ने चार जिंदगियों को बचा लिया। घटना के अनुसार ग्राम मुरादीपुर निवासी कैलाश सोनकर के मकान के भूतल पर संदीप कुमार की ऑटो–पार्ट्स की दुकान में शॉर्ट–सर्किट से आग भड़क उठी। मकान मालिक कैलाश उस समय घर पर नहीं थे। घर में उनकी पत्नी पुष्पा देवी और तीन बच्चे जुड़वां बेटियां खुशी व खुशाली (15 वर्ष) तथा पुत्र ओम (12 वर्ष) फंस गए थे। मुख्य द्वार बंद होने और घने धुएं के कारण वे तीसरी मंजिल की छत पर फंसकर रह गए। सूचना मिलते ही थाना कल्यानपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी बिंदकी गौरव शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने सीढ़ियों के सहारे छत तक पहुंचकर सभी चारों व्यक्तियों पुष्पा देवी और उनके तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद आग पर पूर्ण नियंत्रण पा लिया गया। त्वरित कार्रवाई के कारण किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम की सराहना की है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि टीम की सतर्कता और पेशेवर कार्यशैली से चार मासूम जिंदगियां बचाई जा सकीं।




# बार चुनाव : अध्यक्ष व महामंत्री पद पर दो-दो प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

## - अन्य पदों पर 53 उम्मीदवारों ने दाखिल किए पर्चे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के दस अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे व अंतिम दिन अलग–अलग संगठनों से अध यक्ष व महामंत्री पद के दो–दो उम्मीदवारों ने समर्थकों के साथ चुनाव अधिकारियों के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। अन्य पदों के लिए भी 53 उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल करके चुनावी ताल ठोंकी। नामांकन प्रक्रिया को लेकर सुबह से ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया। सामाजिक आदर्श अधिवक्ता संगठन से आलोक शर्मा ने अध्यक्ष व कुलदीप सिंह आर्य ने महामंत्री, व्यवस्था परिवर्तन एवं सर्वसमाज अधिवक्ता संगठन से बाबू सिंह यादव ने अध्यक्ष व मो0 शाहजहां ने महामंत्री पद पर नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर देवनरायन तिवारी, कृष्ण कुमार, मंजुला राजपूत व छेदीलाल ने नामांकन दाखिल किया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र बाबू वर्मा, पंकज दीक्षित, पुष्पा देवी व गिरीश सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार, अजीत शर्मा, राजेश कुमार, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर लखन कुमार व रामस्वरूप ने नामांकन पत्र भरा। संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर कु0 रकिया अय्यूब, शिवनरायन, श्याम व प्रकाश, संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर बौद्धप्रिय गौतम व चन्द्रशेखर ने ताल ठोंकी। वरिष्ठ सदस्य पद पर दयाराम कैथल, शिवकुमार, अमर सिंह, रामसनेही, विजय सिंह, मिथलेश गुप्ता, आनन्द, राकेश कुमार, नरायण दुबे, हृदयराम श्रीवास्तव, ओम प्रकाश शर्मा, रामऔतार, सुनील कुमार, जितेन्द्र, प्रेमदास, रामस्वरूप अवस्थी, दीपचन्द्र, शिवकरन प्रसाद, अमर सिंह ने पर्चा दाखिल किया। इसी तरह कनिष्ठ सदस्य पद पर गीता देवी, सरोज देवी, सिद्धार्थ सिंह, अविनाश राव, अरूण कुमार, सनत कुमार, संदीप कुमार श्रीमाली, रवी प्रताप सिंह, अनुज कुमार, आशुतोष कुमार, साविस्ता बानो, बाल गोविन्द, शिवशंकर, अर्चना गुप्ता व विकास यादव ने नामांकन पत्र भरा। उधर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री व सहायक निर्वाचन अधिकारी हरवंश सचान, राहुल त्रिवेदी, अविनाश सिंह, विनय मिश्रा, सुनील कुमार सिंह, मो0 राशिद सिद्दीकी ने प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान निभाया।





# एआरटीओ कार्यालय में सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम का आगाज

## - नामित युवा स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और घायल व्यक्तियों को त्वरित सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम अब धरातल पर उतरने लगा है। प्रदेश के चिन्हित 28 जनपदों में शामिल फतेहपुर में इस योजना के प्रथम चरण का शुभारंभ करते हुए युवा स्वयंसेवकों को नामित किया गया। एआरटीओ कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन रनजीत सिंह एवं आरआई .ष्णा सिंह ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा प्रशिक्षित पांच वॉलिंटियरों को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें हेलमेट, टॉर्च और फर्स्ट एड बॉक्स प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले युवाओं में शिवम, अनिल कुमार, कौशल कुमार, निखिल सिंह और जुनैद गजाली शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का प्राथमिक लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाना है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम के तहत अब कोई भी नागरिक दुर्घटना के समय पीड़ित की मदद कर उसे अस्पताल पहुँचा सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा मित्र या मदद करने वाले किसी भी व्यक्ति से पुलिस द्वारा अनावश्यक पूछताछ नहीं की जाएगी। इसके विपरीत, सरकार ऐसे मददगारों को प्रोत्साहित करेगी और उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन का मानना है कि युवाओं की इस भागीदारी से गोल्डन ऑवर दुर्घटना के ठीक बाद का समय में घायलों को इलाज मिल सकेगा, जिससे कई मासूम जानें बचाई जा सकेंगी। इस गरिमामयी अवसर पर आकाश सहित आरटीओ कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। प्रशासन को उम्मीद है कि नेहरू युवा केंद्र के इन प्रशिक्षित वॉलंटियर्स के माध्यम से जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का एक नया संचार होगा।




# अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का किया विस्तार

## - टीईटी के काले कानून के विरोध में रणनीति पर किया विचार-विमर्श

## - 13 अप्रैल को नहर कालोनी से निकाला जाएगा मशाल जुलूस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले जनपद में संगठन से जुड़े हुए विभिन्न घटक संगठन के जिला स्तरीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक जिला कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ भवन में आयोजित हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री मान सिंह यादव को जिला संयोजक एवं विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा को जिला महामंत्री बनाया गया। संयुक्त घटक में शामिल सभी संगठनों के जिलाध्यक्षों प्रशान्त पाण्डेय अध्यक्ष वि.बी.टी.सी. वेलफेयर एसोसिएशन, निधान सिंह जिलाध्यक्ष अटेवा, धर्मेंद्र कुमार साहू जिलाध्यक्ष टीएससीटी, अखिलेश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष यूटा, अजय मिश्र जिलाध्यक्ष बेसिक शिक्षा वेलफेयर एसोसिएशन, वीरेंद्र राजपूत जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट, महफूज अहमद जिलाध्यक्ष एक्टिव टीचर्स एसोसिएशन को पदेन सहसंयोजक बनाया गया। विपिन श्रीवास्तव, उदित नारायण को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में सभी संगठनों के साथियों ने एकमत से निर्णय लिया कि आरटीई एक्ट 2009 की अधिसूचना जारी होने से पहले नियुक्त शिक्षक साथियों पर जबरन टीईटी की अनिवार्यता सरकार द्वारा कोर्ट के माध्यम से थोपी जा रही है उसके खिलाफ एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा। शिक्षक कतई ये अनैतिकतापूर्ण नियम विरोधी आदेश बर्दाष्त नहीं करेगा। इसके विरोध में जिला से लेकर प्रदेश एवं राजधानी दिल्ली तक संघर्ष करेंगे। प्रथम चरण में शिक्षक कर्मचारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, विपक्ष के नेता लोकसभा अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को कार्यक्रम चलाकर पत्र लिखे गए। लाखों की संख्या में ईमेल किए गए। इसी क्रम में अगला कार्यक्रम जिला मुख्यालय में 13 अप्रैल को शाम पांच बजे मशाल जुलूस नहर कॉलोनी से चलकर कलेक्ट्रेट में समाप्त होगा। तत्पष्चात प्रदेश की राजधानी में तीन मई को आंदोलन करने को बाध्य होंगे। यदि सरकार तब भी नहीं मानती तो विधानसभा का घेराव किया जाएगा। अटेवा जिलाध्यक्ष निधान सिंह ने कहा कि एक अप्रैल को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी काला दिवस मनाएंगे। जिसमें अपने कार्यालय में रहकर हाथ में काली पट्टी बांधकर कार्यालय स्कूलों में विभागीय कार्य किया जाएगा। जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की जाएगी। बैठक में अटेवा मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी उदित कुमार सचान, गिरीश चंद्र, धर्मेंद्र मौर्य, विपिन श्रीवास्तव, उदित नारायण, उमेश कुमार, विपिन गुप्ता, सूर्यनारायण, दिनेश कुमार सैनी, अंबा प्रसाद, बृजेश सिंह, महफूज आलम आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।



# सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में हुई ग्रेजुएशन सेरेमनी

## - ग्रेजुएशन कैप पहनकर बच्चों ने कार्यक्रम को बनाया यादगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक नितीश कुमार एवं प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही पूरे वातावरण में उत्साह, उल्लास एवं प्रेरणा का संचार हो गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। छात्र–छात्राएं विशेष परिधान में अत्यंत उत्साहित एवं प्रसन्न दिखाई दिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास के लिए सम्मानित किया गया। ग्रेजुएशन कैप पहनकर विद्यार्थियों ने इस विशेष क्षण को यादगार बना दिया। प्रबंधक नितीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो उन्हें नई कक्षाओं और नई जिम्मेदारियों के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और सफलता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों को अपनाकर अपने जीवन में ऊँचाइयों को प्राप्त करें और विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के दौरान सांस्.तिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। अभिभावकों ने भी विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रेरणादायक कार्यक्रम की सराहना की। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल जीवन की कामना की। यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई।




# प्रेमी की चौखट पर प्रेमिका ने खाया जहर, मौत

## – गैर बिरादरी के चलते प्रेमी ने शादी से किया था इंकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शादी से इंकार कर देने पर प्रेमिका ने प्रेमी के घर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जिससे प्रेमिका की मौत हो गयी। उधर हादसे के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। बताते चले कि सदर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी मुराइनटोला निवासी सुनीत कुमार कोरी की 22 वर्षीय पुत्री किरन वर्मा चौराहा स्थित ब्यूटी पार्लर गोल्डेन टच में काम करती थी। इसी बीच उसका प्रेम प्रसंग रवि चौरसिया से हो गया। चौरसिया पान मसाले की सप्लाई करता है। दोनों के बीच काफी नजदीकियां बन गयी। शादी का झांसा देकर युवती के साथ शरीरिक शोषण करता था। इसकी भनक जब रवि की मां को लगी तो उसने किरन को काफी बेइज्जत किया यहीं पुत्र को भी डाटा गैर बिरादरी होने के कारण शादी से इंकार कर दिया। युवती ने जब प्रेमी से शादी करने के लिए कहा तो वह भी साफ मुकर गया। इसके बाद क्या था, प्रेमिका अपने प्रेमी के घर पहुंची और वहीं उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद अचेत होकर मौके पर ही गिर गयी। प्रेमी ने उसे शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां हालत ठीक न होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। कानपुर पहुंचते ही युवती ने दम तोड़ दिया। उधर मृतक के परिजनों को जब जानकारी हुयी तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि जाति एक न होने पर प्रेमी की मां ने किरन के साथ अभ्रदता किया जिसको वह सहन न कर सकी और घटना को अंजाम दे दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा डेरा मजरे घौरहरा में सोमवार की शाम 25 वर्षीय युवक का मंगलवार की सुबह अपने ही पलंग पर मृतज अवस्था में मिला। जानकारी के अनुसार सेमरा डेरा मजरे घौरहरा गांव निवासी रामरूप की पुत्र दिलीप का सुबह शव उसी के पलंग पर मिला। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी मिली की मृतक शराब पीने का आदी था। जिसको लेकर परिजन आये दिन उसे डाट डपटते थे। लोगों का कहना है कि वह देर शाम शराब के साथ उसने जहर पी लिया और अपने पलंग में सो गया। आज सुबह उसका शव पलंग पर ही मिला।

# युवक ने किया जान देने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चुरियानी में मंगलवार की दोपहर परिजनों की डाट से क्षुब्ध 25 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार चुरियानी गांव निवासी अनवर अली का पुत्र अबरार को आज दोपहर किसी बात को लेकर परिजनों ने डांट डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया।

# ट्रक ई-रिक्शा की भिड़ंत तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सात मील के समीप ट्रक की टक्कर से ई–रिक्शा में सवार तीन सवारियां घायल हो गयी। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के अमौरा गांव निवासी जगलाल का 65 वर्षीय पुत्र मुन्नू हुसैनगंज थाने के बलबीरपुर गांव महादेव का 40 वर्षीय पुत्र कालीचरन व जमरावां निवासी दीपू शहर की ओर आ रहे थे। जैसे ही यह लोग सात मील के पास पहुंचे तभी ट्रक ई–रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे सभी लोग घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# धूमधाम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाएंगे भाजपाई

## – तैयारी बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा की गई तय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी छह अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने की योजना तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री श्रीवास्तव ने जिम्मेदारियों को सौंपते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रमुख रूप से छह कार्यक्रमों को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही उत्साह व उल्लास से मनाया जाता है। इस बार भी छह अप्रैल को मनाये जाने वाले पार्टी स्थापना दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाने की तैयारी की गई है, जिसमें जिले के सभी बूथों, पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं जिला मुख्यालय में संगोष्ठी आयोजित की जायेगी जिसमें पार्टी के महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि वक्ताओं द्वारा संगठन के इतिहास विकास पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए पार्टी के संकल्प राष्ट्र प्रथम को दोहराया जायेगा। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि जिले में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम को उत्.ष्ट, सर्वोत्तम व गतिशील बनाने में जिला संयोजक के रूप में महामंत्री सुशीला मौर्या व सहसंयोजक के रूप में जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी व लवकुश मौर्या द्वारा दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है। बैठक में पुष्पराज पटेल, उदय लोधी, अपर्णा सिंह गौतम, मधुराज विष्वकर्मा, विमलेश पांडेय, अरिमर्दन सिंह, सुनीता गुप्ता, रेखा सरोज, ओम मिश्रा, राजबहादुर पासवान, विवेक श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, गौरव शुक्ला, ज्योति प्रवीण, उमेश गुप्ता, अखिलेश कुमार सहित समस्त जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों के साथ ही सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।




स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )